
मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta


/jagrukjantanews

jagruk_janta

माघ, पक्ष - कृष्ण, तिथि - नवमी , संवत 2078 पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-7, अंक-48, 26 जनवरी - 1 फरवरी, 2022 | मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

## गणतंत्र में नए संदर्भ की जरूरत

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**सभी** को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। आज हम अपना गणतंत्र का 73वां उत्सव मना रहे हैं। हमारे पुरखों की संघर्ष-चेतना के कारण अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ा था। हर तबके के भारतीय अपने-अपने तरीके से प्रतिरोध करते रहे। और ये प्रतिरोध ही आजादी की लड़ाई को उसकी परिणति तक ले गए। फिर अपने को गणतंत्र घोषित कर हमने दुनिया को यह पैगाम दिया कि देखो, इतनी विविधताएं एक साथ कैसे रहती हैं! संसार के किसी भी देश में शायद इतनी सामाजिक-सांस्कृतिक-राजनीतिक जटिलताएं नहीं होंगी, जितनी भारत में हैं और हमने खूबसूरती से अब तक इनको साधे रखा है। यह केवल समंजन नहीं, अपितु एक-दूसरे का स्वीकार भी है, जो हमें दुनिया का विशालतम गणतंत्र बनाता है। इसको आगे भी सहेजकर बढ़ना है। 26 जनवरी, 1950 को देश के नागरिकों को यह आधिकारिक हक मिला कि उन सबके अधिकार समान हैं, और इस गणतंत्र में सबकी वाणी सुनी जाएगी। तभी से गरीबी, गंदगी, बेईमानी, जातिवाद, सांप्रदायिकता, आतंकवाद आदि से लड़ते हुए भारत को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में हम सब जुटे रहे हैं। लेकिन आज देश को नए ढंग से आगे ले जाने के लिए नए तरीके से सोचने और क्रियान्वयन की आवश्यकता है। शासन व्यवस्था देश की समस्याओं को समझकर, योजनाओं का निर्धारण और संचालन ठीक करके कमियों को दूर करने में जुटी है। व्यवस्था देश से गरीबी दूर करने में जुटी है। निर्धनता चाहे खत्म न हो सके, क्योंकि यह एक आदर्श स्थिति है, परंतु अमीर और गरीब के बीच का अंतर हमें इतना कम करना होगा कि गरीबी नष्टप्राय मानी जाए। किसी भी गणतंत्र में 'गण' के लिए भौतिक कल्याण के प्रावधानों, जैसे सड़क, बिजली, पेयजल, आवास, अच्छी शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा आदि का अर्थपूर्ण महत्व है। हालांकि, यह भी ध्यान देने योग्य है कि गणतंत्र और सुशासन इनके जरिए हासिल करने के प्रथम चरण हैं। भारत में राजनीतिक अधिकारों के साथ-साथ आर्थिक वितरण के मुद्दों पर भी शुरू से गौर किया जाना चाहिए था। आर्थिक विकास के लिए सत्ता की गणतांत्रिक राजनीतिक संरचनाओं का उपयोग हाशिये पर पड़े आदमी को देखकर किया जाना चाहिए था। तभी गणतंत्रीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होती। वैसे भी, एक आदर्श शासन-प्रणाली में अंतिम आदमी को लक्षित करके ही योजनाओं का निर्माण व क्रियान्वयन होना चाहिए, तभी सरकारें हरेक के प्रति अधिक उत्तरदाई होती हैं। नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन उनके लिए संभव नहीं हो पाता।

गणतंत्र की अवधारणा को स्थानीय परिस्थितियों में लागू करने की जरूरत है। जनता की ओर से अधिकारों के अधिग्रहण के आधार पर सरकार की प्रणाली; कानून के शासन का संस्थानीकरण; नियमों की वैधता पर जोर; और शासन में जवाबदेही, ऐसे विशेष बिंदु हैं, जो एक गणतंत्र को आभा देते हैं। गणतांत्रिकता एक संप्रभुतापूर्ण राजनीतिक व्यवस्था है, और यह निष्पक्ष, ईमानदार माध्यमों से सुनिश्चित होती है। इसमें सामूहिक भागीदारी और बुनियादी व्यक्तिगत स्वतंत्रता, दोनों शामिल हैं। गणतंत्र की मांग है कि लोगों को उनकी सहमति और जनादेश के आधार पर शासित किया जाना चाहिए। बहरहाल, आज सार्वजनिक जीवन के हरेक पहलू में नए विचारों की जरूरत है। व्यवस्था और सामाजिकता, दोनों में यदि आज खामियां दिखाई देती हैं, जिनके कारण कभी-कभी राजनीति और व्यवस्था के प्रति चिंता पैदा होती है, तो इनमें बदलाव होने चाहिए। लोगों का जीवन बदलने के लिए गणतांत्रिक व्यवस्था की क्षमता चुनावों के जरिए एक से दूसरी सत्ता के शांतिपूर्ण हस्तांतरण में परिलक्षित होती है। आज गणतंत्र और सुशासन की चुनौतियों को देखते हुए तमाम विसंगतियों के खिलाफ लड़ाई पूरी प्रतिबद्धता के साथ लड़ी जानी चाहिए। श्रेष्ठ राजनीतिक, प्रशासनिक, सांस्कृतिक नेतृत्व ही एक गणतंत्र को गौरवशाली स्वरूप दे सकते हैं। शासन के सभी स्तरों पर कड़ी मेहनत, ईमानदारी, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने से गणतांत्रिक मूल्य स्थापित होंगे। इसके लिए महत्वपूर्ण है कि गणतंत्र और सुशासन के बीच समन्वय की जांच हमेशा होती रहनी चाहिए।

shivdayalmishra@gmail.com

### एससी ने केंद्र और चुनाव आयोग से जवाब मांगा

# पार्टियों के फ्री गिफ्ट के वादों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

याचिकाकर्ता से कहा- **सिर्फ दो पार्टियों का जिक्र क्यों**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केन्द्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया, जिसमें पूछा गया है कि फ्री तोहफे देने का वादा कर वोटर्स को लुभाना कितना सही है। सुप्रीम कोर्ट भाजपा नेता की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें चुनाव आयोग को ऐसे राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन और चुनाव चिन्ह रद्द करने का निर्देश देने की मांग की गई थी, जो चुनाव से पहले जनता के पैसों से मुफ्त में तोहफे देने का वादा करते हैं।



#### सीजेआई बोले यह एक गंभीर मुद्दा

**सुप्रीम** कोर्ट में याचिका दायर करने वाले बीजेपी के अश्विनी कुमार उपाध्याय ने इससे जुड़ा कानून बनाने के लिए भी केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग की है। सीजेआई एनवी रमन्ना, जस्टिस एएस बोपन्ना और हिमा कोहली की बेंच ने कहा कि याचिका के जरिए गंभीर मुद्दा सामने आया है। सीजेआई ने कहा, "यह एक गंभीर मुद्दा है। मुफ्त बजट, रेग्युलर बजट से भी बड़ा होता है। भले ही यह भ्रष्ट प्रथा नहीं है, लेकिन यह असमानता के हालात बनाता है।"

#### याचिका में थे चुनिंदा दलों के नाम


**सीजेआई** ने याचिकाकर्ता को हलफनामे में केवल दो दलों का नाम लिखने पर फटकार लगाते हुए कहा कि आपने केवल चुनिंदा पार्टियों और राज्यों का नाम लिया था। वहीं जस्टिस कोहली ने कहा कि आप बहुत सिलेक्टिव रहे हैं। हालांकि कोर्ट ने याचिका में उठाए गए लीगल इश्यू को देखते हुए नोटिस जारी कर दिया।

### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का संबोधन

# महामारी के कारण उत्सव में धूमधाम भले ही कम हो, लेकिन भावना सशक्त

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** 73वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद देश को संबोधित कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में कहा कि 73वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश और विदेश में रहने वाले आप सभी भारत के लोगों को मेरी हार्दिक बधाई। यह हम सबको एक सूत्र में बांधने वाली भारतीयता के गौरव का उत्सव है। सन 1950 में आज ही के दिन हम सब की इस गौरवशाली पहचान को औपचारिक स्वरूप प्राप्त हुआ था।



#### राष्ट्रीय एकता की भावना का उत्सव

हर साल गणतंत्र दिवस के दिन हम गतिशील लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता की भावना का उत्सव मनाते हैं। महामारी के कारण इस साल के उत्सव में धूमधाम भले ही कुछ कम हो, परंतु हमारी भावना हमेशा की तरह सशक्त है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा कि गणतंत्र दिवस का यह दिन उन महानायकों को याद करने का अवसर भी है जिन्होंने स्वराज के सपने को साकार करने के लिए अतुलनीय साहस का परिचय दिया और उसके लिए देशवासियों में संघर्ष करने का उत्साह जगाया।

#### कोरोना के बावजूद अर्थव्यवस्था बढ़ने का अनुमान

इन प्रयासों के बल पर हमारी अर्थव्यवस्था ने फिर से गति पकड़ ली है। प्रतिकूल परिस्थितियों में भारत की दृढ़ता का यह प्रमाण है कि पिछले साल आर्थिक विकास में आई कमी के बाद इस वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था के प्रभावशाली दर से बढ़ने का अनुमान है। राष्ट्रपति ने महामारी के बीच लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना का प्रभाव अभी भी व्यापक स्तर पर बना हुआ है, हमें सतर्क रहना चाहिए और अपने बचाव में ढील नहीं देनी चाहिए। हमने अब तक जो सावधानियां बरती हैं, उन्हें जारी रखना है।

#### महामारी में मानव समुदाय को एक-दूसरे की सहायता की जरूरत

राष्ट्रपति ने कहा कि पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पर आघात हुआ है। विश्व समुदाय को अभूतपूर्व विपदा का सामना करना पड़ा है। नित नए रूपों में यह वायरस नए संकट प्रस्तुत करता रहा है। मुझे यह कहते हुए गर्व का अनुभव होता है कि हमने कोरोना के खिलाफ असाधारण दृढ़-संकल्प और कार्य क्षमता का प्रदर्शन किया। मानव समुदाय को एक-दूसरे की सहायता की इतनी जरूरत कभी नहीं पड़ी थी जितनी कि आज है। अब दो साल से भी अधिक समय बीत गया है लेकिन मानवता का कोरोना वायरस के विरुद्ध संघर्ष अभी भी जारी है।

### नीरज चोपड़ा परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित होंगे, 384 लोगों को मिलेगा वीरता पुरस्कार

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचने वाले जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को अब परम विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया जाएगा। 73वें गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्वारा नीरज चोपड़ा और अन्य लोगों के लिए वीरता पुरस्कार की घोषणा की गई है। नीरज चोपड़ा के अलावा सेना के कुल 384 लोगों के लिए वीरता पुरस्कार का ऐलान किया गया है। इसमें 12 शौर्य चक्र, 29 परम विशिष्ट सेवा मेडल, 4 उत्तम युद्ध सेवा मेडल, 53 अति विशिष्ट सेवा मेडल, 13 युद्ध सेवा मेडल शामिल हैं। 2021 के लिए जीवन रक्षा पदक सीरीज के तहत 51 लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें 6 लोगों को सर्वोत्तम रक्षा पदक, 16 को उत्तम जीवन रक्षा पदक और 29 को जीवन रक्षा पदक दिया जाएगा। 51 में से 5 लोगों को मरणोपरांत यह पुरस्कार दिया जा रहा है। यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है जो अपने प्राणों की बाजी लगाकर दूसरों की जान बचाते हैं।

### गणतंत्र दिवस से एक दिन पहले श्रीनगर के मार्केट में ग्रेनेड अटैक

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में संदिग्ध आतंकवादियों ने मंगलवार को ग्रेनेड अटैक किया। यह हमला हरि सिंह हाई स्ट्रीट इलाके में हुआ। इसमें कोई घायल हुआ है या नहीं, इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है। इससे पहले सोमवार को BSF के आईजी डीके बूरा ने कहा था कि फोर्स को खुफिया विभाग से कुछ इनपुट मिले हैं और वे हाई अलर्ट पर हैं। हमने सीमा पर अपनी चौकसी बढ़ा दी है।

### सुप्रीम कोर्ट के 13 जज, 400 कर्मचारी कोविड संक्रमित

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** उच्चतम न्यायालय के 13 न्यायाधीश और यहां की रजिस्ट्री के 400 कर्मचारी कोविड-19 की तीसरी लहर की चपेट में आ गये हैं। मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमन ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान खुद कोरोना के अदालत पर पड़े बुरे प्रभाव के बारे में यह जानकारी साझा की। सुनवाई के दौरान एक वकील ने पीठ के समक्ष शिकायत की थी कि उनके मामले को उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री द्वारा तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया था। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने उस वकील से कहा, "अदालत के 13 न्यायाधीशों के साथ-साथ 400 रजिस्ट्री कर्मचारी कोविड-19 से संरं मित हैं। यदि आप समस्याओं को नहीं जानते हैं, तो हम क्या कर सकते हैं।" न्यायमूर्ति रमन ने आगे कहा, "हमारे शरीर सहयोग नहीं कर रहे हैं फिर भी हम काम कर रहे हैं। ...कृपया इसे समझने की कोशिश करें।



| तापमान | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| जयपुर | 18°C | 07°C |
| जोधपुर | 21°C | 06°C |
| अजमेर | 18°C | 06°C |
| उदयपुर | 19°C | 07°C |

सूर्योदय प्रात: 07:22 बजे सूर्यास्त सांय : 05:49 बजे चन्द्रोदय 01:02 बजे चन्द्रास्त 12:16 बजे

# राज्यपाल सचिवालय ने कहा- किसानों की जमीन नीलामी रोकने का बिल आया ही नहीं, CMO बोला-अटकाया जा रहा मामला



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** किसानों की जमीनों की नीलामी रोकने के बिल पर राजस्थान सरकार और राजभवन आमने-सामने हो गए हैं। संयुक्त किसान मोर्चा और भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधिमंडल राजभवन पहुंचा तो राज्यपाल ने कहा कि रोडा एक्ट में संशोधन के सम्बन्ध में कोई विधेयक राजभवन नहीं आया है। यह सुनकर किसान प्रतिनिधि भी चौंक गए। राज्यपाल सचिवालय ने स्पष्ट किया कि रोडा एक्ट के संशोधन से संबंधित कोई भी विधेयक राजभवन में राज्यपाल कलराज मिश्र के लेवल पर अप्रूवल के लिए नहीं आया है। राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार ने बताया कि इस बारे में ज्ञापन देने आए प्रतिनिधि मंडल को भी बता दिया गया है।

### CMO का पलटवार, संशोधन राजभवन में विचाराधीन

**मुख्यमंत्री** कार्यालय ने पलटवार करते हुए कहा कि राजभवन ने पत्रकारों को सूचित किया है कि कृषि भूमि नीलामी के संबंध में रोडा एक्ट में संशोधन का कोई विधेयक राजभवन नहीं आया है। सच यह है कि राजस्थान सरकार ने 2 नवम्बर 2020 को सिविल प्रक्रिया संहिता (CPC) की धारा 60 (1)(b) में संशोधन किया था। जिससे 5 एकड़ जमीन पर किसान क्रेडिट कार्ड लोन लेने पर कुर्की और नीलामी पर रोक लग जाती, लेकिन यह बिल अभी तक राजभवन में विचाराधीन है।

### शब्द जाल में गुमराह नहीं करें, साइन करें राज्यपाल

भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष राजाराम मील और प्रवक्ता सीबी यादव ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के साथ किसान राज्यपाल का घेराव करने गए। सरकार ने किसानों की 5 एकड़ जमीन की नीलामी रोकने के लिए बिल एक साल पहले से राजभवन भेज रखा है। राज्यपाल उसे मंजूरी नहीं दे रहे। राज्यपाल किसानों के प्रतिनिधिमंडल से खुद नहीं मिले,बल्कि सेक्रेट्री से मिलवाया। यह बहुत शर्म की बात है कि राज्यपाल किसानों से नहीं मिलना चाहते। राज्यपाल के सेक्रेट्री ने कहा राज्यपाल के पास रोडा एक्ट नाम से बिल नहीं आया है। वो किसानों को शब्दों के जाल में फंसा रहे हैं। अगर एग्जेक्ट रोडा शब्द नहीं लिखा है तो क्या फर्क पड़ता है? राज्यपाल की जानकारी में है कि किसानों की जमीन नीलामी रोकने का बिल है। जो बिल राजस्थान सरकार ने विधानसभा में पास कर किसानों की 5 एकड़ से कम जमीन को नीलामी से रोकने का बिल भेजा। अक्षरों के जाल में किसानों को गुमराह कर जालसाजी नहीं करें। साइन करके गवर्नर बिल को वापस भेज दें, ताकि किसानो को राहत मिले।

## जागरूक खबरें

### पौषबड़ा प्रसादी का किया आयोजन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री नीमड़ी वाले बालाजी महाराज नया खेडा जगदम्बा कॉलोनी में महाराज बंशीधर शर्मा समाजसेवी दीपक शर्मा के सानिध्य में पोसबड़ा दोना प्रसादी वितरण की गई। बालाजी महाराज के पौषबड़ा का भोग लगा कर सभी आस पास की कॉलोनीवासियों ने दोना प्रसादी ग्रहण की। श्री जगदम्बा मातेश्वरी मन्दिर समिति के सचिव नवरतन सिंह उपाध्यक्ष मुकुल सिंह चौहान साँचोरा ने बताया कि कॉलोनी निवासी राहुल शर्मा, मुकेश शर्मा, गिरधारी शर्मा, विशाल सिंह, भवानी सिंह मोहित सिंह, अभिनव शर्मा, कोमल, प्रिंस,आदि कई लोगो ने प्रसादी वितरण की। काफी संख्या में लोगो ने पौषबड़ा दोना प्रसादी का आनंद लिया।

### मुख्यमंत्री गणतंत्र दिवस पर विभिन्न स्थानों पर करेंगे झण्डारोहण

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बुधवार को गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और झण्डारोहण करेंगे। गहलोत प्रातः 7.30 बजे सिविल लाइन्स स्थित मुख्यमंत्री निवास पर एवं प्रातः 8.30 बजे बड़ी चौपड़ पर ध्वजारोहण करेंगे। वे प्रातः 9.15 बजे अमर जवान ज्योति पर पुष्पचक्र अर्पित कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे । मुख्यमंत्री प्रातः 9.30 बजे सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद गहलोत प्रातः 11.00 बजे शासन सचिवालय में झण्डारोहण करेंगे। मुख्यमंत्री प्रातः 11.30 बजे राजभवन में संवैधानिक पार्क के शिलान्यास कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

### पटवार सीधी भर्ती परीक्षा-2021 का परीक्षा परिणाम जारी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 23 एवं 24 अक्टूबर, 2021 को आयोजित पटवार सीधी भर्ती परीक्षा-2021 का परीक्षा परिणाम मंगलवार को जारी कर दिया गया है। बोर्ड सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा में कुल 5610 NTSP-4825 o TSP-785 पदों के लगभग दो गुणा 11339 NTSP-9769 o TSP-1570 अभ्यर्थियों को वरीयतानुसार अस्थाई रूप से दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध किया गया है। विस्तृत परीक्षा परिणाम एवं अन्य जानकारी बोर्ड की वेबसाईट http: www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

# पेपर लेस की राह पर प्रदेश कांग्रेस, ऐप पर मिलेगी तमाम जानकारी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आज के डिजिटल युग में प्रदेश कांग्रेस भी पेपर लेस होने की राह पर चल पड़ी है। प्रदेश कांग्रेस के तमाम नेताओं, विधायकों, पूर्व विधायकों, पूर्व अध्यक्षों और पार्टी के संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी अब मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होगी। इसको लेकर प्रदेश कांग्रेस की ओर से पिछले दिनों ही कवायद शुरू हुई थी। प्रदेश कांग्रेस का मोबाइल एप और वेबसाइट बनकर तैयार है, जिसे प्रदेश प्रभारी अजय माकन लॉन्च करेंगे। पंजाब चुनाव में अजय माकन की व्यस्तता के चलते मोबाइल एप और वेबसाइट अभी तक लॉन्च नहीं हो पाई है।

### पूर्व से लेकर वर्तमान अध्यक्ष तक का डेटा

प्रदेश कांग्रेस के मोबाइल एप पर प्रदेश कांग्रेस के पहले अध्यक्ष से लेकर और वर्तमान अध्यक्ष तक की जानकारी के साथ-साथ कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्रियों की जानकारी भी मिलेगी। इसके अलावा पार्टी के तमाम नेताओं, पूर्व केंद्रीय मंत्रियों, पूर्व नेता प्रतिपक्ष, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के तमाम नेताओं, जिलाध्यक्षों का डेटा भी मोबाइल ऐप पर उपलब्ध होगा। मोबाइल एप पर तमाम नेताओं के मोबाइल नंबर और ईमेल का पता भी होगा।

### संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी

प्रदेश कांग्रेस के मोबाइल एप और वेबसाइट पर कांग्रेस पार्टी के संगठनात्मक गतिविधियों, कार्यर मों और आगामी होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी भी मोबाइल पर मिलेगी कि किस दिन कौन सा कार्यक्रम होना है। इससे कांग्रेस कार्यकर्ता को जानकारी मिल सकेगी और वह इस कार्यक्रम में मौजूद रह सकेंगे।

### मोबाइल में करना होगा ऐप डाउनलोड

प्रदेश कांग्रेस के ऐप लॉन्च होने के बाद प्रदेश कांग्रेस के तमाम कार्यकर्ताओं और नेताओं को अपने मोबाइल फोन में ऐप को डाउनलोड करना होगा और उसके बाद ही उन्हें तमाम जानकारियां मिल सकेंगी।

**इसलिए भी उठाया कदम:** बताया जाता है कि प्रदेश कांग्रेस में मोबाइल ऐप और वेबसाइट बनाने को लेकर इसलिए भी कदम उठाया कि अभी दूर-दराज के कांग्रेस कार्यकर्ताओं-नेताओं को प्रदेश कांग्रेस से कोई संगठनात्मक या फिर प्रदेश कार्यकारिणी, जिलाध्यक्षों के नेताओं और कार्यक्रम की जानकारी के लिए मुख्यालय फोन करना पड़ता है और फिर मेल के जरिए या फिर स्वयं आकर कागज लेने होते हैं।

### राज्यपाल के संदेश का प्रसारण गणतन्त्र दिवस पर प्रातः 08.30 बजे

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्यपाल कलराज मिश्र गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को दूरदर्शन पर प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे। राज्यपाल मिश्र का संदेश का प्रसारण डी.डी. राजस्थान से बुधवार 26 जनवरी को प्रातः 08.30 बजे होगा।


























### बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाया तो पुलिस उठाएगी सख्त कदम

**तीन दिन तक बिना अनुमति के ड्रोन नहीं उड़ाने के आदेश जारी**

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में आतंकी संगठन और असामाजिक तत्वों की ओर से ड्रोन के उपयोग से सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित किए जाने की आशंका के चलते ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया गया हैं। एडिशनल कमिश्नर हैदर अली जैदी ने बताया कि मंगलवार से तीन दिन तक ड्रोन उड़ाने पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही स्टेडियम में लाईटर, ज्वलनशील और विस्फोटक पदार्थ अंदर नहीं ले जा सकेंगे। पुलिस उपायुक्त दक्षिण मुदूल कच्छावा ने बताया कि राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह स्थल सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में कार्यक्रम के दौरान आमजन द्वारा मोबाइल फोन, लाईटर, बीडी सिगरेट, थैला, खाद्य पदार्थ और अन्य ज्वलनशील सामग्री और विस्फोटक पदार्थ लाए जाने को प्रतिबंधित किया गया हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है कि एसएमएस स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में आते समय परेशानी से बचने के लिए प्रतिबंधित सामग्री अपने साथ लेकर नहीं आए। पिछले 3 दिन से सवाई मानसिंह स्टेडियम पुलिस घेरे में हैं। स्टेडियम के चप्पे-चप्पे की जांच की जा रही है।






# कार्यालय नगर पालिका पीपाड़ शहर


( श्री अशोक गहलोत)
माननीय मुख्यमंत्री
राजस्थान सरकार


(श्रीमती समु देवी सांखला)
अध्यक्ष
नगरपालिका, पीपाड़ शहर


(श्रीमती अफसाना भाटी)
उपाध्यक्ष
नगरपालिका पीपाड़ शहर


( श्री हीराराम मेघवाल)
विधायक
विधानसभा बिलाड़ा

## सभी नगरवासियों को 73 वां गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

**प्रशासन शहरो के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा दी गई छुट का लाभ उठावे**

69-क के अन्तर्गत पट्टो हेतू छूट :- प्रशासन शहरो के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत पुरानी आबादी में निर्मित मकानों के पट्टे 69-क के अन्तर्गत बहुत ही कम शुल्क में पट्टा प्राप्त करे, यदि आपके पास निम्न दस्तावेज है तो आप अपने मूल दस्तावेज पालिका के पक्ष में समर्पण कर पट्टा प्राप्त कर सकते है, पट्टे के होने से आपको बैंक आदि से ऋण आदि में सुविधा रहती है, अचल सम्पति का स्थायी एवं वैद्य दस्तावेज रहता है :-

1. दिनांक 31.12.2018 से पूर्व का स्वयं के नाम का रजिस्ट्रर्ड दस्तावेज ।
2. मकान / दुकान का पूर्ण रूप से निर्मित होना आवश्यक है।

कृषि भूमि निमयन के पट्टो की दरो में छूट:- प्रशासन शहरो के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत कृषि भूमि नियमन के अन्तर्गत जिन कॉलोनियों का ले-आउट प्लान दिनांक 31.03.2019 तक अनुमोदित हो चुका है, उनमे 500 वर्गमीटर तक के भूखण्डो के राज्य सरकार द्वारा दी गई छूट के बाद प्रीमियम दर 50/- रू. प्रति व.मी. व लीज एक मुश्त 50/-रू. प्रति व.मी. से जमा कराने पर पट्टा प्राप्त कर सकते

स्टेट ग्राण्ट एक्ट के तहत पुरानी आबादी में निम्न दस्तावेज प्रस्तुत कर टोकन मनी 1/- रूपये में पट्टा प्राप्त करे।
1. सामान्य वर्ग के लिए 01.01.1990 से पूर्व / अनुसूचित जाति के लिए 01.01.1996 से पूर्व कब्जा निर्माण के सबूत-वोटर लिस्ट, राशन कार्ड, लाईट/पानी बिल इत्यादि की छायाप्रति ।
2. वर्तमान में उसी मकान में रहवास के सबूत सम्बन्धी दस्तावेज :- वोटर लिस्ट, राशन कार्ड, परिचय पत्र, आधार कार्ड, लाईट/ पानी बिल इत्यादि की छायाप्रति ।
2. मकान का पूर्ण रूप से निर्मित होना आवश्यक है।

**समस्त पार्षदगण एवं कर्मचारीगण नगर पालिका, पीपाड़ शहर जिला-जोधपुर (राज.)**



## गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

-:: अपील ::-

* शहर के सौन्दर्यकरण, रोशनी एवं सफाई व्यवस्था में सहयोग करें।
* राजकीय भूमि एवं सड़क पर अतिक्रमण नहीं करें।
* विवाह, जन्म एवं मृत्यु का समय पर पंजीयन करावे।
* पोलिथीन का उपयोग नहीं करें।
* कोविड 19 से बचे वैक्सीन जरूर लगावें।
* कचरा सड़क पर न फेंके कचरा पात्र में ही डालें।
* समय पर नगरीय विकास कर जमा करावें।
* खुले में शौच न करे।
* सभी से अनुरोध कि किसी भी प्रकार का पारिवारिक एवं सामाजिक कार्यक्रम यथा शादी एवं अन्य में नगर परिषद से पूर्व सम्पर्क कर सफाई व्यस्था बनाए रखने में सहयोग करें एवं झूठा भोजन बाहर न डाले।
* बिना भवन निर्माण इजाजत के निर्माण कार्य न करे।
* दो गज दुरी - मास्क है जरूरी।



महेन्द्र मेवाड़ा
सभापति


जितेन्द्र सिंघी
उपसभापति

महेन्द्र चौधरी
आयुक्त

एवं समस्त पार्षदगण एवं कर्मचारीगण, कार्यालय नगर परिषद, सिरोही



जगद्गुरु श्री कृपालु जी महाराज द्वारा दिव्य प्रवचन एवं मधुर संकीर्तन निम्न TV चैनल्स पर अवश्य श्रवण करें
Shreedharididi.in
निवेदिका: श्रीधरी दीदी




| NEWS 18 इंडिया | न्यूज़ 24 | भारत समाचार | साधना | आस्था | संस्कार |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रतिदिन (प्रातः) | सोम-शुक्र (प्रातः) | प्रतिदिन (प्रातः) | प्रतिदिन (प्रातः) | प्रतिदिन (सायं) | सोम-शनि (सायं) |
| EVERY DAY 5:30 AM | MON - FRI 6:25 AM | EVERY DAY 6:50 AM | EVERY DAY 8:15 AM | EVERY DAY 6:20 PM | MON - SAT 8:30 PM |



JK Cement LTD.
JK SUPER CEMENT BUILD SAFE
JK SUPER STRONG BUILD SAFE Weather Shield

देश को
जेके सुपर सीमेंट
का सलाम





# कर्मचारी चयन बोर्ड ने जारी किया कैलेंडर, अप्रैल से दिसंबर तक 11 भर्ती परीक्षाएं

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने इस वर्ष की भर्तियों का कैलेंडर जारी किया है। इस वर्ष अप्रैल से दिसंबर तक 11 भर्ती परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव पुष्कर राज शर्मा ने बताया कि सहायक जनसंपर्क अधिकारी भर्ती परीक्षा 24 अप्रैल को प्रस्तावित है। इसके अलावा कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा 7, 8 और 9 मई को होगी। ग्राम विकास अधिकारी भर्ती की मुख्य परीक्षा मई में होगी, जबकि बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक और वरिष्ठ कंप्यूटर अनुदेशक भर्ती की परीक्षा मई और जून में करवाने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रयोगशाला सहायक भर्ती की परीक्षा 4 जून को, कनिष्ठ अभियंता (कृषि अभियांत्रिकी) भर्ती परीक्षा 18-19 जून को, पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा जुलाई में, तहसील राजस्व लेखाकार एवं कनिष्ठ लेखाकार भर्ती परीक्षा सितंबर में करवाई जाएगी। शर्मा ने बताया कि वनपाल और वनरक्षक भर्ती परीक्षा अक्टूबर में, सुपरवाइजर और महिला अधिकारिता भर्ती परीक्षा नवंबर में और कनिष्ठ सहायक/लिपिक ग्रेड-2 भर्ती परीक्षा दिसंबर में करवाई जाएगी।


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ


सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत
पूर्व विधायक

ललिता सोनी
पार्षद वार्ड नंबर 44
नगर परिषद चित्तौड़गढ़





JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/- With FREE Control Panel @ 12 Paisa Per SMS LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Digital Marketing ★ Whatsapp Marketing ★ Bulk SMS Marketing
★ Website Development ★ Android Development ★ Software Development ★ Social Media Management
MSGJET
SCHOOL

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ Pamphlets ★ Bill Book ★ ID Cards ★ Banners ★ Brochure ★ Letterhead ★ Envelope ★ Signages ★ Calendars ★ Diary ★ Bags ★ Pen Stand ★ Paper Weights ★ Pen ★ Mugs ★ T-Shirts ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com


# मुख्यमंत्री की गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाएं

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। गहलोत ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें देश के संविधान के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखना एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में, हम सभी भारतीयों का कर्तव्य है कि संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करते हुए देश में एकता व अखंडता बनाए रखने में योगदान दें और भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।


गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

चित्तौड़गढ़ अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि.

राष्ट्रभक्ति के तराने हम गाएं,
सब मिल भारत महान बनाएं
देखे थे जो सपने शहीदों ने
वैसा भारत राष्ट्र बनाएं

इन सुविधाओं के साथ त्वरित बैंकिंग सुविधा

Mobile Banking & IMPS | Physical to Digital Banking | Debit Card | Educational Loan, House Loan Vehicle Loan, All Business Loan

एडवोकेट विमला सेठिया, चेयरपर्सन | शिवनारायण मानधना, उपाध्यक्ष | डॉ. आई.एम. सेठिया, संस्थापक अध्यक्ष | वन्दना वज़ीरानी, प्रबंध निदेशक

संचालक मण्डल के सदस्य
डॉ. महेश सी. सनाढ्य, हस्तीमल चोरड़िया, शांतिलाल पुंगलिया, आदित्येन्द्र सेठिया, विनोद आंचलिया, राधेश्याम आमेरिया, सुनीता सिसोदिया, चांदमल नंदावत, बालकिशन धूत, रणजीतसिंह नाहर, सीए बालकृष्ण डाड एवं समस्त अरबन बैंक परिवार।

मुख्य कार्यालय: केशव माधव सभागार परिसर, एनसीएम सिटी, चित्तौड़गढ़, मो. 8003590333

हमारी शाखाएं
केशव माधव सभागार, चित्तौड़गढ़ | सर्वोदय साधना संघ, कंदेरिया | मिस्त्री मार्केट, बेगूं
मण्डी चौराहा, निम्बाहेड़ा | दक प्लाजा, हॉस्पीटल रोड, बड़ीसादड़ी | एस.एस. प्लाजा, स्टेशन रोड, कपासन

कोरोना वैक्सीन अवश्य लगवाएं | घर से बाहर मास्क अवश्य पहने | सोशल डिस्टेंस रखें।



सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

# भारत का गणतंत्र देता है हमें - अधिकार



"भारत के गणतंत्र ने सबको स्वतंत्रता से जीने का अधिकार दिया है। अधिकार - वोट देने का, अपनी बात कहने का, अपने धर्म और सम्प्रदाय को बिना किसी दबाव के मानने का। अधिकार - भारतीय कहलाने का।

नागौर (राजस्थान) से 2 अक्टूबर, 1959 को देश में पंचायती राज की शुरुआत की गई। जिससे नागरिकों को अधिकार मिला कि वे गाँव के स्तर पर अपनी सरकार चुन सकें।

इसी क्रम में बीते दिनों में राज्य सरकार ने दिया आपको - स्वास्थ्य सेवाओं का अधिकार, FIR दर्ज कराने का अधिकार एवं उड़ान योजना के माध्यम से 15 से 55 वर्ष की महिलाओं को स्वस्थ-स्वच्छ रहने का अधिकार। खाद्य सुरक्षा का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार (RTI) एवं माता-पिता के भरण-पोषण के अधिकार से तो नागरिक पहले से ही लाभान्वित हो रहे हैं।

नागरिकों को और भी अधिकार मिलें, जिससे वे सशक्त हों। यह हमारा ध्येय है।

**73वें गणतंत्र दिवस की आप सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।"**

**अशोक गहलोत**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान**

राजस्थान संवाद

**सीखने की बात**

**अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...**

- अज्ञात

# ज्योति का विलय

सन् 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध की प्रतीक अमर जवान ज्योति ज्वाला को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की ज्वाला से मिला दिया गया है।

सरकार का मानना था कि इंडिया गेट पर जिन शहीदों-वीरों के नाम हैं, उन्होंने प्रथम विश्व युद्ध और एंग्लो-अफगान युद्ध में अंग्रेजों के पक्ष में लड़ाई लड़ी थी, जबकि अमर जवान ज्योति बांग्लादेश की मुक्ति के लिए शहीद हुए वीरों की याद में है, अतः दोनों अलग-अलग हैं। इस लिहाज से औपनिवेशक काल के प्रतीक इंडिया गेट को स्वतंत्र रहने देना चाहिए और अमर जवान ज्योति को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में लाना एक लिहाज से सरकार का तर्कपूर्ण फैसला है। फिर भी अमर जवान ज्योति इंडिया गेट की पहचान रही है। इंडिया गेट के बीच अनवरत लगभग 50 वर्षों से यह ज्योति प्रज्ज्वलित थी, जिसे देखकर शहादत की भव्यता और गर्व की अनुभूति होती थी। कम से कम तीन पीढ़ियां ऐसी बीती हैं, जिनके लिए इंडिया गेट के साथ अमर जवान ज्योति के दर्शन का विशेष महत्व था। अब हमारी शान का एक प्रतीक इंडिया गेट तो वहां रहेगा, लेकिन ज्योति के दर्शन वहां नहीं, वहां से 400 मीटर दूर राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में होंगे।

सरकार के इस निर्णय पर बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों ने खुशी जताई है। आमतौर पर यही यथोचित है कि दिल्ली में एक ही स्थान पर ऐसी शहादत को समर्पित ज्योति रखी जाए। शहीदों के सम्मान में जब राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में ज्योति जलाई गई थी, तभी से भी इंडिया गेट की अमर जवान ज्योति पर चर्चा हो रही थी। यह संभव था कि राष्ट्रीय युद्धस्मारक का वजूद अलग रहता और इंडिया गेट पर पचास वर्षों से प्रज्ज्वलित ज्योति को यथावत रहने दिया जाता। खैर, यह सरकार का फैसला है और देश के शहीदों, वीरों के सम्मान पर किसी तरह के विवाद की कोई गुंजाइश नहीं रहनी चाहिए। यदि सेना को भी यही लगता है कि राष्ट्रीय युद्ध स्मारक ही एकमात्र स्थान है, जहां वीरों को सम्मानित किया जाना चाहिए, तो इस फैसले और स्थानांतरण का स्वागत है। इधर, सरकार ने एक और फैसला लिया है कि इंडिया गेट के पास नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित होगी। यह फैसला भी अपने आप में बड़ा है। अभी तक वहां किसी प्रतिमा के लिए कोई जगह नहीं थी, अब अगर जगह निकल रही है, तो आने वाली सरकारों को संयम का परिचय देना पड़ेगा। अलग-अलग सरकारों के अपने-अपने आदर्श रहे हैं और अलग-अलग सरकारों द्वारा अलग-अलग प्रकार के स्मारक बनाने का रिवाज भी रहा है। यही विचार की मूल वजह है। स्मारकों और प्रतिमाओं का सिलसिला सभ्य और तार्किक होना चाहिए। इसमें कोई शक नहीं कि ऐसे स्मारक देशवासियों को प्रेरित करते हैं और इससे देश को मजबूती मिलती है, लेकिन तब भी हमें राष्ट्रीय महत्व के कुछ स्मारकों को उनके मूल स्वरूप में ही छोड़ देने पर अवश्य विचार करना चाहिए।

अब यह इतिहास है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 26 जनवरी, 1972 को अमर जवान ज्योति का उद्घाटन किया था और यह भी इतिहास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 फरवरी, 2019 को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया, जहां अब तक शहीद हुए देश के 25,942 सैनिकों के नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित हैं। अब अमर जवान ज्योति के आगमन से राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का महत्व बहुत बढ़ गया है और बेशक, इससे राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र सेवा को बल मिलेगा।

## सम्पादकीय

# कुछ खास है यह दिन

बहुत लंबा सफर तय कर लिया हमने। बहुत आगे निकल आए हैं हम। इतना कि दुनिया बड़ी उम्मीदों से हमारी ओर देख रही है। यह वही शेष दुनिया है, जो हमारी आजादी के वक्त तमाम आशंकाएं जता रही थी। भरोसा नहीं कर पा रही थी कि इतना विशाल देश अपनी आजादी को संभाल कैसे पाएगा? अपने लोकतंत्र की रक्षा कैसे कर पाएगा? लेकिन हमने सब कुछ बहुत कुशलता और मजबूती से किया। अपेक्षा से भी तेज गति से आगे बढ़े। विकास के नए सोपान गढ़े। दरअसल, जिस वक्त शेष दुनिया हमारे लोकतंत्र के भविष्य को लेकर आशंकाएं जता रही थी, उसके पास ऐसा सोचने के आधार थे। शायद यह कि भारत ने अपनी आजादी के दौरान अस्थिरता का लंबा दौर झेला था। तमाम दंश थे इसके खाते में। लेकिन वक्त के साथ सब कुछ पीछे छूट गया। समय बदला, और हम उसके साथ कदमताल करते हुए आगे बढ़ते रहे। कई बार तो अपेक्षा से भी ज्यादा तेज गति से। बीते सालों में हमने बहुत कुछ पाया है। बहुत कुछ दिखाया है। सबसे बड़ी बात कि हमने अपने होने को साबित किया है। अपनी बहुरंगी-बहुभाषी, सतरंगी-साझी संस्कृति की धार को न सिर्फ कायम रखा है, उसे और गहरे अर्थ दिए हैं। विकास के नए-नए सोपान चढ़े हैं। यही वजह है कि दुनिया हमारी ओर विस्मय भरी उम्मीद से देख रही है। यह हमारे विकास व विस्तार की मजबूती का प्रतिफल है। यह इन उम्मीदों पर भी खरा उतरने का वक्त है।

यह दिवस कुछ बातों पर फिर से सोचने का अवसर भी दे रहा है। संविधान ने हमें जैसी लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं दी थीं, यह उन पर फिर से नजर डालने, सोचने का वक्त भी है कि क्या हम वाकई अपने संविधान की शर्तों पर खरे उतर पाए हैं? आचरण में कुछ ऐसा तो नहीं कर बैठे कि संविधान की मूल आत्मा का हनन कर जाएं और हमें ही पता न चले। वर्तमान परिदृश्य शिद्दत से यह सोचने को मजबूर कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय की स्पष्ट व्यवस्थाओं के बावजूद यदि आग्रह, दुराग्रह की हद तक बढ़ते दिखाई दें, तो हमें सचेत हो जाना चाहिए। भावनाओं के इस उफान के संदेश अच्छे नहीं हैं। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत व साझी संस्कृति के वाहक इस देश में जहां विरासत मुहावरों का रूप ले चुकी हो, एक फिल्म से उठा ऐसा विवाद कुछ सोचने पर मजबूर कर गया है। आज जब यह 26 जनवरी ऐतिहासिक महत्व के नए संदर्भ लेकर हमारे सामने है, इसे और ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़नी चाहिए। भारत वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देने वाला देश है। यह वैश्विक व राष्ट्रीय, दोनों संदर्भों में समान रूप से महत्वपूर्ण है। इस संदेश की भावना को पूरी सांस्कृतिक ऊंचाइयों के साथ आगे ले जाना होगा। स्वाभाविक है, यह हम सबके सहिष्णु-समावेशी-सौहार्दपूर्ण आचार-व्यवहार से ही संभव हो सकेगा।

**दिल्ली में इंडिया गेट पर पाँच दशकों से जल रही अमर जवान ज्योति को राष्ट्रीय समर स्मारक की लौ में विलीन करने को लेकर राजनीतिक टकराव होने लगा है। कांग्रेस का कहना है कि यह एक राष्ट्रीय त्रासदी है, अमर जवान ज्योति को बुझाना भारत के इतिहास को बुझाने की कोशिश है।**

# हो कहीं भी लौ, लेकिन लौ जलनी चाहिए!



**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

*मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही*
*हो कहीं भी आग, लेकिन आग*
*जलनी चाहिए!*

**कवि** दुष्यंत कुमार की ये पंक्तियां मौजूदा दौर में भी बहुत मायने रखती हैं। खास तौर पर इसलिए, क्योंकि इन दिनों अमर जवान ज्योति की लौ को राष्ट्रीय समर स्मारक की मशाल के साथ विलीन करने के सरकार के फैसले को भी सियासी चश्मे से देखा जा रहा है। दिल्ली के इंडिया गेट पर दिन-रात चौबीसों घंटे जलने वाली अमर जवान ज्योति की लौ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक (नेशनल वॉर मेमोरियल) की मशाल के साथ विलीन हो गई है। करीब 50 साल बाद यह ज्योति बुझ गई और अब एक नए स्वरूप में रोशन हो रही है। केंद्र सरकार के एक फैसले के बाद अमर जवान ज्योति की लौ को पास ही में स्थित राष्ट्रीय समर स्मारक की ज्योति के साथ मिला दिया गया। इस फैसले ने देखते-देखते सियासी रंग ले लिया, क्योंकि अमर जवान ज्योति की स्थापना कांग्रेस सरकार के समय हुई थी, जबकि राष्ट्रीय समर स्मारक का निर्माण मोदी सरकार में हुआ है। कांग्रेस ने इसे लेकर मोदी सरकार पर सीधा हमला बोला और इसे बीजेपी की एक साजिश करार दिया। अमर जवान ज्योति की लौ 1971 के युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए स्थापित की गई थी। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने गणतंत्र दिवस 1972 पर किया था। इंडिया गेट के नीचे अमर जवान ज्योति को 1971 में पाकिस्तान पर भारत की जीत के बाद प्रज्ज्वलित किया गया था। युद्ध में मारे गए भारतीय सैनिकों के सम्मान में यह ज्योति आज तक जलती आ रही थी। इंडिया गेट का निर्माण ब्रिटिश सरकार ने पहले विश्व युद्ध और अन्य अभियानों में मारे गए करीब 90 हजार सैनिकों की याद में किया था।

**अमर जवान ज्योति को विलीन करने को कोई सियासी मायने नहीं हो सकते। शहीदों की याद में जलने वाली लौ दो जगह नहीं हो सकती है। भारतीय सेना का वॉर मेमोरियल एक ही हो सकता है और इसी तरह शहीदों की याद में प्रज्वलित होने वाली लौ भी दो स्थानों पर नहीं हो सकती।**




इंडिया गेट पर पिछले 50 साल से अमर जवान ज्योति जल रही थी, जबकि नेशनल वॉर मेमोरियल में अमर जवान ज्योति 25 फरवरी, 2019 को प्रज्वलित की गई थी। सरकार के इस फैसले के पीछे सिसायत का एंगल तलाशने वाले लोगों को पता होना चाहिए कि अमर जवान ज्योति अस्थाई थी। उस वक्त हमारे पास नेशनल वॉर मेमोरियल जैसा कोई स्मारक नहीं था और जो था भी, वो अंग्रेजों का बना हुआ था। फिर इसमें बदलाव करके अमर जवान ज्योति लगाई गई थी। अमर जवान ज्योति दो जगह नहीं हो सकती है। भारतीय सेना का नेशनल वॉर मेमोरियल एक ही हो सकता है और इसी तरह शहीदों की याद में प्रज्वलित होने वाली लौ भी दो स्थानों पर नहीं हो सकती। फौज से जुड़े ज्यादातर लोगों का भी यही कहना है कि जिस तरह पार्लियामेंट एक है, वैसे ही नेशनल वॉर मेमोरियल भी एक ही है।

दरअसल दिसंबर 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ, जिसमें पाकिस्तान को घुटने टेकने पड़े थे। हालांकि, इसमें कई भारतीय जवान भी शहीद हुए थे। इसके बाद इन्हीं शहीदों की याद में अमर जवान ज्योति जलाने का फैसला लिया गया था। केंद्र सरकार ने भी साफ किया है कि इंडिया गेट पर लौ बुझाई नहीं जा रही है, उसके एक हिस्से का विलय किया जा रहा है। अमर जवान ज्योति का एक हिस्सा नेशनल वॉर मेमोरियल के अमर चक्र में जलने वाली लौ से मिलाया गया है।

नेशनल वॉर मेमोरियल इंडिया गेट परिसर के पास ही 40 एकड़ में फैला हुआ है। इसको तैयार करने में करीब 176 करोड़ रुपए खर्च हुए। यह 1962 में भारत-चीन युद्ध, भारत-पाकिस्तान के बीच हुए 1947, 1965, 1971 और 1999 कारगिल युद्धों दौरान अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों को समपर्ति है। इसके साथ ही यह श्रीलंका में भारतीय शांति सेना के संचालन के दौरान और संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के दौरान शहीद हुए सैनिकों को भी समर्पित है।

नेशनल वॉर मेमोरियल में चार चक्र हैं। अमर चक्र, वीरता चक्र, त्याग चक्र और सुरक्षा चक्र। इसमें 25,942 जवानों के नाम अंकित हैं, जिन्होंने आजादी के बाद देश के लिए युद्ध और संघर्षों में अपनी जान दी। नैशनल वॉर मेमोरियल आजाद भारत के लिए युद्ध और संघर्ष में मारे जाने वाले भारतीय सेना के सैनिकों का सम्मान और प्रतिनिधित्व करता है। राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन 25 फरवरी 2019 को किया गया था। यह स्मारक स्वतंत्रता के बाद से हमारे वीर सैनिकों द्वारा किए गए बलिदान का प्रमाण है। स्मारक में एक शाश्वत ज्योति है, जो किसी सैनिक द्वारा अपना कर्तव्य निभाते हुए किए गए सर्वोच्च बलिदान का उदाहरण है और इस प्रकार उसे अमर बनाती है। इसके उद्घाटन के बाद से राष्ट्रीय दिवस समेत सभी श्रद्धांजलि समारोह केवल राष्ट्रीय समर स्मारक पर आयोजित किए जा रहे हैं। शहीदों को श्रद्धांजलि देने और देश के प्रति उनके बलिदान को याद रखने के लिए नेशनल वॉर मेमोरियल की मशाल जलती रहेगी।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## कविता

### शबद गान



**भवंर सिंह परिहार**
समाजसेवी
@jagrukjanta.net

मेरी अंखियन नीर झरै
गुरु शबद श्रवण जब से कीनो।
दीप शिखा सुरतो जागी
ऐसे सतसंग को ईंधन दीनो।।
**************
सूरज उगिया हुआ प्रकाशा
चन्द्र चन्दन सुगंध जो भरिया।
सुखमन शील संतोष लागी जब बधिया
मन माली जब सींचन लाग्यो।।
फूल खिले बहुरंगा।
**************
अपने आप जब देखन लाग्यो
जान गयो सत को सतसंगा।
मानसरोवर हंसा बैठा
पायो परम पद बिहंगा
कहे गुरुजन आवागमन नहीं होवै
धन गुरु म्हारा सिंगा।।
ऐसा निरमल नीर झरिया।
**************
(लेखक काशीपुरा तह.हरसूद
जिला खंडवा (म.प्र.) से है)

## ओपिनियन

# विज्ञान और गणित पढ़कर ही तेजी से बढ़ेंगी बेटियां



**ऋतु सारस्वत**
समाजशास्त्री
@jagrukjanta.net

**बीता** वर्ष राहत की खबर लाया कि देश में लिंगानुपात सुधरा है। बेटियों की बढ़ती जनसंख्या पर पीठ थपथपाने से पहले यह अवश्य विचार कर लेना होगा कि क्या समाज उनको वह यथोचित स्थान देने को तत्पर है, जिसकी वे अधिकारी हैं? कई अध्ययन बताते हैं कि पितृ-सत्तात्मक व्यवस्था आज भी बेटियों के पंख अपनी मुट्ठियों में कैद करके रखती है। 'शिक्षा' आत्मसंबल और आत्मविश्वास जागृत करने का आधार स्तंभ है, पर दो वर्ष पूर्व हुए शोध कार्य (एडम्स एवं एंड्रयू 2019) में पाया गया कि भारत में बेटियों को शिक्षित करने के लिए अभिभावकों की मुख्य प्रेरणा इस विश्वास से है कि 'शिक्षा से अच्छा वेतन व सुरक्षित नौकरी वाले युवक से विवाह होने की संभावना बढ़ जाएगी'। स्वयं को आधुनिक व उदारवादी घोषित करने वाले अभिभावक भी अधिकाशतः बेटियों को वही विषय पढ़ने को विवश करते हैं, जिसकी मांग विवाह बाजार में हो और यही कारण रहा कि दशकों से बच्चियों को विज्ञान व गणित जैसा विषय लेने पर हतोत्साहित किया जाता रहा है।

बेटियों के प्रति अभिभावकों की यह मानसिक जकड़न भविष्य में उनकी आत्मनिर्भरता की संभावनाओं को खत्म कर देगी, क्योंकि आने वाले समय में जिन क्षेत्रों में नौकरी की संभावनाएं सर्वाधिक हैं, उन सभी का संबंध विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित से है। एक अनुमान के मुताबिक, भविष्य में 90 प्रतिशत नौकरियां ऐसी होंगी, जिनमें किसी न किसी रूप से सूचना व संचार तकनीक का ज्ञान होना जरूरी होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने बीते दिनों आगाह किया कि दकियानूसी सोच ने लड़कियों को विज्ञान के संबंधित क्षेत्रों से दूर कर दिया है। उन्होंने चिंता जताई कि विज्ञान-गणित-तकनीक में लड़कियों की पर्याप्त मौजूदगी के बिना दुनिया की रूपरेखा पुरुषों द्वारा पुरुषों के लिए तय की जाती रहेगी।

इस वास्तविकता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि विज्ञान और नवाचार से जीवन बदलने वाले फायदे हो सकते हैं, खासकर दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाली लड़कियों के लिए। अगर हमें बच्चियों को 21वीं सदी की विशालकाय चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना है, तो यह जरूरी हो जाता है, उन्हें उनकी रुचि के विषय चुनने के अवसर दिए जाएं। अमेरिका की फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी ने लगातार छह वर्षों तक दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों पर अध्ययन किया और पाया कि उच्च शिक्षा में विज्ञान विषयों में लैंगिक विषमता योग्यता को नहीं दर्शाती है, क्योंकि जब उन्होंने गणित में योग्यता की परीक्षा ली, तो यह पाया कि लड़के और लड़कियां बराबर योग्य हैं। इस समानता के बावजूद लड़के खुद को गणित में बेहतर मानते हैं, जबकि लड़कियां खुद को कमतर मानती हैं। यह चौंकाने वाली वास्तविकता उन अध्ययनों की पुष्टि करती है, जहां कहा गया है कि मन मस्तिष्क में अगर किसी एक तथ्य को निरंतर स्थापित किया जाए, तो वह सदा के लिए अंकित हो जाता है। 'ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन ऐंड डेवलपमेंट' के अध्ययन में कहा गया है कि अभिभावक अपनी बेटियों को विज्ञान लेने के लिए न सिर्फ हतोत्साहित करते हैं, बल्कि उन्हें निरंतर समझाने की चेष्टा करते हैं कि विज्ञान व गणित जैसे विषय उनके लिए बने ही नहीं हैं। वास्तव में, विज्ञान विषय का जैविकता से कोई संबंध नहीं है।


एक और अध्ययन यह सत्य उद्घाटित करता है कि पांच वर्ष के बच्चे में भी यह समझ विकसित हो जाती है कि उसके लिंग (जेंडर) से क्या व्यवहार अपेक्षित है। एक प्रयोग के दौरान छोटे बच्चों को रोजमर्रा के कामकाज की तस्वीरें दिखाई गईं, इनमें से एक तस्वीर में लड़की कुल्हाड़ी से लकड़ी काट रही थी, बाद में सब बच्चों से पूछा गया कि उन्होंने तस्वीर में क्या देखा, तो कई बच्चों ने बताया कि तस्वीर में एक लड़का लकड़ी काट रहा था। उनके पूर्वाग्रहग्रस्त मस्तिष्क के लिए यह याद रख पाना मुश्किल था कि लड़की भी लकड़ी काट सकती है। लड़कियों की क्षमताएं पितृ-सत्तात्मक व्यवस्था के लिए हमेशा से ही सवाल रही हैं। यह स्थिति तभी बदल सकती है, जब अभिभावक बेटियों की शिक्षा को उनके स्वाभिमान का अभिन्न अंग मानें। साथ ही, शिक्षकों के प्रशिक्षण में अभिनव और लैंगिक भिन्नताओं और जरूरतों को समझने वाली तकनीक में निवेश वर्तमान रुझान को बदल सकता है।

*(ये लेखिका के अपने विचार हैं)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



मृत्यु से अमृत की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर तथा असत् से सत् की ओर जाने की सतत चेष्टा। विभवरूप की पूजा सेवा है-भगवान की कथा पुराणों को कहना, सुना, प्रार्थना, जप स्तोत्र पाठ, नाम संकीर्तन। अन्तर्यामी भगवान की पूजा सेवा है- कभी कहीं भी कोई पाप न करना, किसी का बुरा न सोचना, किसी को दुःखी करने की चेष्टा न करना, मन, वचन, कर्म से किसी की बुराई न करना। गरीब और दुःखियों की सेवा, सत्य, अहिंसा, न्याय, सब का कल्याण और प्रत्येक प्राणी को सुखी बनाने की चेष्टा। अपना शरीर भी अन्तर्यामी भगवान का मंदिर है, अतः इसे स्वच्छ और पवित्र रखना अन्तःकरण रूपी भगवान के मंदिर में अविद्या का अंधकार, वासना की गंदगी, अभिमान की बदबू नहीं रहनी चाहिए। हृदय में काम, क्रोध, मद, लोभ, दंभ, वैर, ईर्ष्या, हिंसा, लोभ आदि के गंदे विचारों और कलुषित इच्छाओं के रहने से अन्तर्यामी भगवान की अवहेलना होती है। अर्चावतार की पूजा सेवा है-संध्या, जप, पूजा, फूल, तुलसी, भोग, आरती आदि क्रियाएं।

**भक्त चार प्रकार के होते हैं-** आर्त, अथार्थी, जिज्ञासु और ज्ञानी (मोक्षार्थी) श्रीमद्भागवत में नवधा भक्ति का वर्णन है-श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पाद सेवन, अर्चन, वन्दन, दास्य, सख्य एवं आत्म निवेदन। इन सबका उपासना प्रकरण में विस्तार से वर्णन किया गया है। भक्ति का ही सुगम रूप है प्रपत्ति यानि भगवान से मिलने की व्यग्रता से, भगवान मेरे हैं, ऐसा समझकर उनकी सेवा करना तथा मैं भगवान का हूं तथा मेरी रक्षा का भार उन पर है, ऐसा समझना। **क्रमशः**

**जागरूक Selfie विद डॉटर**



पुरवांशी डॉटर स्नेहा, पवन जैन, कोटा

# झलक : दिलनवाजी तोहफों की



**तुषार पुरोहित**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**तोहफा** चमकीले रैपर में लिपटी सिर्फ कोई वस्तु नहीं। जुड़ा होता है इसके साथ देने वाले का दिल। किसी का मन छू ले। मौके पर तोहफा देना न भूलें।

'नजराना कहिए भेंट या उपहार।
कराते हैं ये खुशियों का
इजहार।
बंधे हैं इनको अपनेपन के तार।
दिलों के चमन में लाते ये
बहार।।'

जलवा हो जन्मदिन का या जश्न शादी का। अवसर उत्सव का या आलम त्योंहार का। तोहफा परिचायक है प्यार का।

उपहारों की लाजिमियत त्योहारों पर ही नहीं। आमदिनों में भी कुछ खास जगह जाए तो खाली हाथ न जाए। वेटी या बहन के घर। अपने कुल पुरुष। कुलमाता या कुलदेवी के स्थान। गुरु स्थान या गुरुद्वारा। अपने छोटे भाई के घर, इत्यादि। इसी तरह यात्रा आदि पर जाएं तो इन सबके लिए परिजन, बांधव, मित्र और बच्चों के लिए उपहार लाना न भूलें। छोटा साधारण सही।

अगर कहीं अतिथि, अभ्यागत बनकर रुकना पड़े तो चलते वक्त घर के बच्चों को आग्रह पूवर्क कुछ अवश्य दें। आप सब भी अवश्य आईयेगा। इन मधुर वचनों के साथ विदा लें।

उपहार को उपहार ही रहने दें। उसे अपनी दरियादिली का जरिया न बनाएं। बड़प्पन के प्रदर्शन या किसी की दीन हीन स्थिति दिखाने के प्रयास से उपहार की निर्मलता को लांछित न करें।

अब राजनेता चुनाव के मौके पर विकास की गंगा के नाम पर तोहफों का ऐलान, प्रलोभन के रूप में करने लगे। उपहार किसीी को ठगने, घूस या रिश्वत का व्यवहार नहीं। उपहार या नजराने की महीन संवेदना का मजाक न बनाएं। राजा का राजतिलक हो या रंक के घर बालक की ढूंढ। तोहफे सदा समता-समरसता के प्रतीक।

न कोई शोर न उधम ना हलाहली।
रवायत तोहफे की सभी को भली।।
कोई वस्तुत नहीं प्यार का संदेश, कोई छन्द कोई गजल का शेर भी काफी, दिलनवाजी के लिए।

'पशु परिन्दों ने जानी उपहार की अदा।
देखो वो चोंचभर लायी चूजो की मां।।'

उपहारों से जुड़ी झलकियां कुछ इतिहास पुराणों की। कथा कोहनूर की। आख्यान स्यंदन मणि का। कहीं उत्पात, कहीं लांछन। शबरी के बेर बने भक्ति के प्रतीक। सीता ने राम से मांगा स्वर्ण मृग का उपहार। वही बना अपहरण का सबब। माता अनुसूइया ने वनवास के अवसर पर अपने आश्रम में फेंट रूप दिए दिव्यवस्त्र, जो कभी मैले न हो। वहीं अगस्त्य ऋषि ने राम को दिए दिव्यास्त्र जो रावण से युद्ध करने में काम आए। कृष्ण ने रुक्मणि को दिया पारिजात वृक्ष। विदुरानी ने खिलाए उन्हें केले के छिलके। कुब्जा ने दिया चंदन का लेप। मिला उसे सुन्दरी का रूप।

अयोध्या वापसी, राजतिलक के अवसर पर विभीषण ने हनुमान को दी मुक्तामणि की माला। जिसे दांतों से तोड़ कपि ने कहा, छवि न इसमें राम की। नहीं मेरे कुछ काम की। उधर गुरु द्रोणाचार्य ने गुरुदक्षिणा के ुपहार में एकलव्य से हाथ का अंगूठा ही मांग लिया।

सुदामा का उपहार मुट्ठीभर तंदुल। कृ,ण ने मैत्री की मिसाल कायम की। उधर दुर्योधन ने नहीं जाना मैत्री का मूल्य। पांडवों के दूत को न दे सका वह पांच गांव भी। सीता ने देना चाहा केवट को मणि मुद्रिका का उपहार जो केवट ने चतुराईपूर्वक नहीं लिया। सिकन्दर दे गया सैल्यकस को मगध का जनपद। अकबर दे न सका शहजादे सलीम को उपहार रूप अनारकली।

फिरंगी सासकों ने बांटी उपाधियां राजाओं को अपना पिछलग्गू बनाने हेतु। तो राजाओं ने अपने अमात्यों, वीर ठाकुरों को जागीर बख्श कर उपकृत किया।

पद्मश्री, पद्मभूषण बने सियासी तोहफे। जिन पर मची हर बार खींचतान। कभी दुर्वासा से मिला था कुंती को वरदान जो बना अभिशाप। अपने पुत्र कर्म को उसे पानी में बहा देना पड़ा।

और सबसे, अलग जज्बा जवानों का।
'आलम सरआंखों पर उनके सम्मान का।
दे गये तोहफा वो अपने बलिदान का।
गणतंत्र दिवस के मौके तोहफों से सजी
वह 'झलक' उन्हीं जवानों के नाम।' अस्तु।

-तुषार निरपेक्ष

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।


jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग





ज्योतिर्विद्
अक्षय शास्त्री
अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, 26/01/2022

**सूर्योदय :** 07:22 **सूर्यास्त :** 17:49 **चन्द्रोदय :** 01:02 **चन्द्रास्तः** 12:16 **शक सम्वत :** 1943 पलवा **अमान्ता महीना :** पौष **पूर्णिमांत :** माघ **सूर्य राशि :** मकर **चन्द्र राशि :** तुला **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** नवमी, 28:33 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1943 प्लव **चन्द्रमास माघ :** पूर्णिमान्त, पौष - अमान्त **विक्रम सम्वत :** 2078 आनन्द **गुजराती सम्वत :** 2078 प्रमादी **द्रिक ऋतु :** शिशिर **द्रिक अयन :** उत्तरायण **वैदिक अयन :** उत्तरायण

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** स्वाति, 09:59 तक
**योग :** गांदा, 28:03 तक
**प्रथम करण :** तैतिल, 17:29 तक
**द्वितिय करण :** गारा, 28:33 तक

## शुभ समय

ब्रह्म मुहूर्त : 05:26 ए एम से
प्रातः सन्ध्या : 05:53 ए एम से
अभिजित मुहूर्त : 12:12 पी एम से
विजय मुहूर्त : 02:20 पी एम से
गोधूलि मुहूर्त : 05:43 पी एम से
सायाह्न सन्ध्या : 05:54 पी एम से
अमृत काल : 04:36 ए एम, जनवरी 25 से
निशिता मुहूर्त : 12:07 ए एम, जनवरी 25 से
रवि योग : 07:13 ए एम से 10:33 ए एम

### निवास और शूल

दिशा शूल : पूर्व में
राहु काल वास उत्तर-पश्चिम में
चन्द्रवास : दक्षिण-पश्चिम
होमाहुति : गुरू

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 07:21 - 08:39 | उद्वेग | 05:48 - 07:30 |
| अमृत | 08:39 - 09:58 | शुभ | 07:30 - 09:11 |
| काल काल वेला | 09:58 - 11:16 | अमृत | 09:11 - 10:53 |
| शुभ | 11:16 - 12:34 | चर | 10:53 - 12:34 |
| रोग वार वेला | 12:34 - 01:53 | रोग | 12:34 - 02:16 |
| उद्वेग | 01:53 - 03:11 | काल | 02:16 - 03:57 |
| चर | 03:11 - 04:30 | लाभ | 03:57 - 05:39 |
| लाभ | 04:30 - 05:48 | उद्वेग | 05:39 - 07:20 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज नवमी तिथि

### आज कौन सा कार्य करें

नवमी रिक्ता तिथि है इसलिए इस दिन कोई भी नया, मांगलिक कार्य वर्जित है ।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैत्रृय दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

माघ, कृष्ण, नवमी, 2078 बुधवार, 26 जनवरी - 1 फरवरी, 2022

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
कोर्ट-कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। प्रसन्नता रहेगी। किसी धार्मिक यात्रा की योजना बनेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। किसी तरह के विवाद में विजय प्राप्त होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में नया कार्य मिल सकता है।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में लापरवाही न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
भावना में बहकर महत्वपूर्ण निर्णय न लें। नौकरी में कार्यभार रहेगा। लाभ होगा। स्वास्थ्यतक। संबंध में लापरवाही न करें। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। दुःखद समाचार मिल सकता है।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
कार्यक्षेत्र के लिए नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। बिगड़े काम बन सकते हैं। समाजसेवा करने का मन बनेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में विशेष रूप से सहभागिता रहेगी। सप्ताह के मध्य में व्यवसाय के संबंध में छोटी या लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ सकती है। यात्रा सफल एवं लाभदायक साबित होगी।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
मनपसंद व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य उत्साह व लगन से कर पाएगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। धन प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
घर, दुकान, फैक्टरी व शोरूम इत्यादि के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। कारोबार में बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
परिवार से जुड़ी बड़ी जिम्मेदारी को समय पर निभा देने पर संतोष का अनुभव करेंगे। संतान पक्ष से जुड़ी कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। कल्पना को हकीकत में बदलने के लिए कसर नहीं छोड़ेंगे।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल बनेगी।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

गहलोत बोले-जेल में थे नेहरू, पत्नी कमला का नेताजी ने जर्मनी में कराया इलाज, आरएसएस को तिरंगे से एतराज

# नेहरू और नेताजी के रिश्ते थे गहरे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि पंडित नेहरू और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के आपसी रिश्ते प्रगाढ़ थे। पंडित नेहरू जी जब जेल में थे, तब उनकी पत्नी कमला नेहरू बीमार पड़ गई थीं, उन्हें टीबी हो गई। तो नेताजी बोस ही उनको इलाज के लिए जर्मनी लेकर गए और वहां उनका ख्याल रखा। पंडित नेहरू बोस के घर रुकते थे। जब फॉरवर्ड ब्लॉक नाम से नई पार्टी बोस ने बना ली। तो भी नेहरू उनके घर रुकते थे। पंडित नेहरू ने उन्हें याद रखने के लिए ही जय हिन्द का नारा लगाया था। इंदिरा गांधी को भी हमने जय हिन्द का नारा लगाते हुए देखा। गहलोत ने आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि आरएसएस वाले क्या बोलते हैं। वो तो नागपुर में तिरंगा झंडा तक नहीं लगाते हैं।



### धर्म-जाति के आधार पर नौजवानों को गुमराह कर रहीं कुछ ताकतें

**नेताजी** सुभाष चंद्र बोस की 125 वीं जयंती पर मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस से 'स्वर्णिम इतिहास और नया भारत सब्जेक्ट पर वर्चुअल सेमीनार को गहलोत ने सम्बोधित किया। उन्होंने युवाओं को नेताजी के बताए रास्ते पर चलते हुए गुमराह करने वाली शक्तियों से सावधान रहने की नसीहत दी। गहलोत ने कहा कि देश में आज शांति और सद्भाव कायम करने की जरूरत है। अनेकता में एकता वाले इस मुल्क में कुछ ताकतें हमारे नौजवानों को गुमराह कर रही हैं। धर्म और जाति के आधार पर नई पीढ़ी आपस में लड़ाने वाली इन ताकतों को हमें कामयाब नहीं होने देना है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने युवाओं में एक नया जज्बा कायम किया और विदेशी धरती पर आजाद हिंद फौज खड़ी कर अपनी हिम्मत और साहस का परिचय दिया।

### 70 सालों में हासिल देश की उपलब्धियों को नकारा जा रहा

**गहलोत** ने कहा आजादी के आंदोलन के महानायकों में ब्रिटिश सत्ता से आजादी के मकसद को लेकर आपसी कॉर्डिनेशन था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से प्रभावित होकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस आजादी की जंग में कूदे थे। गांधीजी और नेहरू की तरह ही बोस का मकसद भी मुल्क की आजादी था। आजादी के इन महानायकों में विचारों का अंतर भले रहा हो। लेकिन उनमें मनभेद नहीं था। क्योंकि गांधीजी असहमति जताने और आलोचना करने वालों का भी सम्मान करते थे। लेकिन आज के माहौल में देश में सहन करने की भावना कम होती जा रही है। असहमति जताने पर लोगों को देशद्रोही बताते हुए जेल भेजा जा रहा है। इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने की कोशिश हो रही हैं। 50 वर्ष से जल रही अमर जवान ज्योति बुझा दी गई है। 70 सालों में हासिल की गई देश की उपलब्धियों को नकारा जा रहा है।

वेडिंग सीजन में बदला ट्रेंड

# कैट-विक की शादी की ज्वेलरी राजस्थान में बनी ट्रेंड

## लाइट वेट नथ से लेकर एंटीक टैंपल सेट ज्वेलरी की ज्यादा डिमांड

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** वेडिंग सीजन शुरू हो चुका है और कड़ाके की सर्दी में भी ज्वेलरी मार्केट में जबर्दस्त गर्मी है। सावों की धूम में कस्टमर की डिमांड भी यूनीक होती है। हर बार नई ज्वेलरी ट्रेंड करती है। इस सीजन में कैट और विक्की की शादी में पहनी गई ज्वेलरी सबसे ज्यादा ट्रेंड में है। दैनिक भास्कर रिपोर्टर ने जयपुर के मार्केट में मौजूदा ट्रेंड को जाना। सामने आया कि 2021 की शुरुआत में सेलिब्रिटी में डेलिटेक ज्वेलरी और लेयर्ड फैशन का ट्रेंड रहा, लेकिन साल के एंड में हुई कैट-विक की शादी के बाद से पूरा ट्रेंड ही बदल गया है।

**1. हैवी ज्वेलरी इन ट्रेंड:** जयपुर में बनने वाले कुंदन और पोलकी के हैवी सेट अभी काफी ट्रेंड में हैं। ज्यादातर लोग रॉयल ट्रेडिशनल कुंदन पोलकी सेट ही ऑर्डर कर रहे हैं। टाटियावालास ज्वेलर्स के राजीव टाटियावाला बताते हैं कि चोकर के साथ में कुंदन के रानी हार भी काफी ट्रेंड में है। इसे शादी के बाद भी साड़ी के साथ कैरी किया जा सकता है। कुंदन पोलकी के सेट की रेंज 3 लाख से स्टार्ट होकर 10 लाख तक है।

**2. कॉकटेल पार्टी के लिए डायमंड सेट :** डायमंड रोज गोल्ड सेट कॉकटेल पार्टी में आपको एक स्टाइलिश लुक देता है। हैवी डायमंड सेट और लाइट आउट-फिट आपको एक ग्लैमर लुक देता है। इस के साथ कॉकटेल रिंग अगर आप वियर करें तो आपका



कॉकटेल लूक पूरा कंप्लीट हो जाता है। मार्केट में ज्वेलरी खरीदने आई नेहा ने बताया कि उन्हें एक पार्टी अटेंड करनी है। इसलिए वे ऐसी ही रिंग ट्राई कर रही हैं। डायमंड ज्वेलरी की कीमत 5 लाख से 8 लाख तक रेंज में मार्केट में अवेलेबल है।

**3. रिसेप्शन में एंटीक टेंपल ज्वेलरी सेट :** ट्रेडिशनल साड़ी हो या ट्रेडिशनल ब्रोकेट लहंगा। टैंपल ज्वेलरी हर एक आउटफिट के साथ सूट करती है। यह आपको एंटीक और एक यूनीक लुक भी देती है। टेंपल ज्वेलरी की रेंज 5 लाख से स्टार्ट होकर 12 लाख तक है। टेंपल ज्वेलरी में आपको कुंदन पोलकी का वर्क का फ्यूजन भी मिल सकता है। बाकी टेंपल ज्वेलरी गोल्ड में ही बनाई जाती है। एसकेजे ज्वेलर्स के संजय जोशी बताते हैं कि लोगों का एंटीक गोल्ड ज्वेलरी की तरफ ज्यादा इंटरेस्ट है। गोल्ड में टेंपल एंटीक ज्वेलरी लोगों की फर्स्ट च्वाइस है।

**4. माथा पट्टी के साथ न्यू लुक :** माथा पट्टी राजपूती वेडिंग में पहना जाता है। आज कल ये काफी ट्रेंड में है। डी डे (वेडिंग डे) पर तो माथा पट्टी ब्राइड को एक हैवी ट्रेडिशनल अटायर लुक देता ही है। साथ ही दुल्हन की फ्रैंड्स भी इसे सिर्फ हेयर ऐसेसरी में कैरी करती हैं तो ये एक बहुत ही यूनीक लुक देता है। आप चाहें तो सिर्फ माथा पट्टी को लाइट इयररिंग के साथ भी कैरी कर सकते हैं। माथा पट्टी में मोती, कुंदन, पोलकी, रूबी जैसे कई वैराइटी में मिलती है। माथा पट्टी की डिजाइन के अनुसार 60 हजार से लेकर 2 लाख तक की रेंज आपको माथा पट्टी मार्केट में मिल जाएगी।

**5. स्टेटमेंट कड़े :** ब्राइड अपने डी डे पर हैवी कड़े के साथ में सिम्पली ग्लैम लुक भी कैरी कर सकती हैं। पहले की तरह अब हैवी चूड़ी सेट ट्रेंड में नहीं हैं। अब सिंगल हैवी पोलकी कड़े और हैवी एंटीक ट्रेडिशनल कंगन भी ट्रेंडी लुक देता है।

**6. लाइट वेट नथ :** हैवी ज्वेलरी के साथ एक तार की लाइट वेट नथ बहुत ग्रेसफुल लुक देती है। 2021 लोग हैवी नथ और लाइट ज्वेलरी पर फैक्स कर रहे थे। लेकिन 2022 में गर्ल्स लाइट वेट नथ कैरी करना पसंद कर रही है। लाइट वेट नथ से आपका फेस और ज्यादा ग्लोई और अट्रैक्टिव लगेगा।

**7. हैवी कुंदन रिंग देती है रॉयल लुक :** हैवी कुंदन रिंग आपको एक राजसी फील देती है। राजस्थानी क्लचर में हैवी रिंग की अपनी अलग पहचान है। कुंदन मीना और पोलकी की रिंग आपके अटायर में चार चांद लगा देती है। रॉयल फील के साथ ये रिंग आपके अटायर को कंप्लीट करती है। कुंदन की हैवी लुक रिंग आपको 70 हजार से लेकर 5 लाख तक की रेंज मिल जाएगी।

## भगवा रक्षा दल युवा मोर्चा का हुआ विस्तार


**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा के निर्देशानुसार युवा मोर्चा राष्ट्रीय महासचिव गोविन्द ठाकुर ने राष्ट्रीय महामंत्री पुखराज खेड़ी के अनुशंसा पर जोधपुर निवासी परमानंद को युवा मोर्चा जोधपुर जिला संगठन मंत्री एव अनिल बिश्नोई को जिला सह संयोजक महावीर दास को प्रदेस महामंत्री की जिम्मेदारी सौपी इसी के साथ राष्ट्रीय महासचिव गोविन्द ठाकुर ने कहा कि भगवा रक्षा दल आने वाले चुनाव मे भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर कार्य करेगी।

## अग्रवाल (व्यापार प्रकोष्ठ) राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा के निर्देशानुसार दिल्ली निवासी मोहित कुमार अग्रवाल को व्यापार प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया गया है। वहीं जालौर के मांगीलाल विश्नोई को भगवा रक्षा दल में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पद पर राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा ने नियुक्त किया है। साथ ही, जयपुर के मनीष जैन को जयपुर व्यापार प्रकोष्ठ में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया है।




## सरकार, मंत्री और प्रशासन अबोध बेटी की पीड़ा को समझते हैं पिकनिक का अवसर- शेखावत



**जोधपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने अलवर में मूक बधिर बालिका से दुष्कर्म मामले में राज्य सरकार के मंत्री और अफसरों की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। केन्द्रीय जल शक्ति गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जोधपुर निवास पर क़रीब दो घंटे तक आमजन से मुलाकात कर जन सुनवाई की। इसके बाद विशेष विमान से अहमदाबाद रवाना हुए। बाद में वहां से दिल्ली पहुंचे। शेखावत ने कहा कि एक तरफ नाबालिग बिटिया से हुए दुष्कर्म के विरोध में समूचा अलवर जिला बंद रहा और आम जनता ने अपनी दिनचर्या रोक दी, वहीं दूसरी ओर राज्य के सामाजिक न्याय मंत्री टीकाराम जूली अलवर जिला कलेक्टर और एसपी समेत कई अधिकारियों को लेकर सरिस्का अभयारण्य घूमने को निकले थे। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि मतलब ये सरकार, उसके मंत्री और उसका प्रशासन एक अबोध बेटी की पीड़ा को पिकनिक का अवसर समझते हैं। इनके लिए समाज की करुणा, उसका दुख और उसका रोष जैसे रोज की बात है। केंद्रीय मंत्री ने पूछा कि क्यों गहलोत जी क्या आप भी यही सोचते हैं कि यह सब तो चलता रहता है, ऐसे मामलों पर ज्यादा ध्यान देना नहीं चाहिए? शेखावत ने कहा कि मंत्री टीकाराम जूली की संवेदना और कर्तव्य बोध का निर्णय अब जनता को ही करना होगा।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** शहीद हिम्मत सिंह शेखावत राजकीय माध्यमिक विद्यालय, मुरलीपुरा स्कीम में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर संस्था प्रधान सुआलाल शर्मा, प्रभारी सरोज वर्मा व आरती रतनू के निर्देशन में पोस्टर, निबंध, नारा लेखन, कविता लेखन व चित्रकला आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संस्था प्रधान द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस पर महिला सशक्तिकरण के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संस्था प्रधान द्वारा समस्त स्टॉफ व उपस्थित गणमान्य नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित कर सभी का आभार व्यक्त किया।

## सौदा ने संभाला सदर थाने का चार्ज



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** ज़िले में प्रशासनिक फेरबदर ज़ारी है। इसी क्रम में सदर थाना चित्तौड़गढ़ के नवनियुक्त पुलिस निरीक्षक हरेंद्र सिंह सौदा ने चार्ज संभाला इससे पूर्व वे मंगलवाड़ थाने के थानाधिकारी के पद पर नियुक्त थे। थानाधिकारी हरेंद्र सौदा ने बताया, कि इससे पूर्व वे चित्तौड़गढ़ में विभिन्न थानों में कार्यरत रहे हैं वर्ष 2000 में चंदेरिया, 2005 में छोटी सादड़ी थाना तथा 2020 में निंबाहेड़ा कोतवाली थानाधिकारी रहे हैं। निवर्तमान थानाधिकारी दर्शन सिंह का तबादला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हो जाने के बाद मंगलवार नियुक्त रहे पुलिस निरीक्षक हरेंद्र सिंह सौदा को सदर थाना चित्तौड़गढ़ में लगाया गया है।

# जागरूक खबरें

## जापान-भारत के सहयोग से कोरोना-टेस्टिंग किट प्रोजेक्ट का शुभारम्भ



**जयपुर @ जागरूक जनता।** बियानी बायोसॉल्यूशन की ओर से 'विकासशील और उभरते देशों में सार्स-कोव-2 (SARS-COV-2) वेरिएंट के लिए ऑन-साइट आरएनए डिटेक्शन सिस्टम का विकास और प्रदर्शन मूल्यॉंकन ' विषय पर आयोजित वर्चुअल कांफ्रेंस में कोरोना-टेस्टिंग किट प्रोजेक्ट का शुभारम्भ किया गया. कांफ्रेंस में जापान में भारत के राजदूत संजय कुमार वर्मा, राजस्थान सरकार के स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल और कंट्रोलर डॉ. सुधीर भंडारी, बियानी बायो-सीड्स कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष प्रो. मनीष बियानी, बियानी ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज के चेयरमैन डॉ. राजीव बियानी और कॉलेज के एकडेमिक डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी सहित जापान और भारत के स्वास्थ्य मंत्रालय विभिन्न विशेषज्ञों ने वर्चुअली शिरकत की। कांफ्रेंस में डॉ. मनीष बियानी ने बताया कि जापान एजेंसी फॉर मेडिकल रिसर्च एंड डेवलपमेन्ट और भारत के द्वारा संचालित इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य भारत में एक नयी पीसीआर प्रणाली स्थापित करना है, जिसके तहत कोविड-19 के वायरस का 15 मिनट में पता लगाया जा सकता है। यह प्रणाली न्यूक्लिक-एसिड एमप्लीफिकेशन पर आधारित है। सरल भाषा में समझा जाए तो यह किट प्रेग्नेंसी टेस्ट किट की तरह काम करती है। जिससे 15 मिनट से भी कम समय में वायरस का पता लगाकर तुरन्त ईलाज शुरू किया जा सकता है। कोविड-19 के लक्षण दिखने पर मरीज स्वयं अपने घर पर किट की सहायता से अपना टेस्ट कर सकता है और 15 मिनट में परिणाम भी प्राप्त कर सकता है।

## सोबर और विप्र सेना ने की विप्र कल्याण बोर्ड के गठन की मांग



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सोसायटी ऑफ ब्राह्मण एग्जूकेटिव्स राजस्थान (सोबर) और विप्र सेना ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से अपने चुनाव जन घोषणा-पत्र में बिन्दु संख्या 23/7 में किए गए वादे के अनुसार विप्र कल्याण बोर्ड के शीघ्र गठन की घोषणा कर आने वाले विधानसभा बजट सत्र में मूर्त रूप देने की मांग की। सोबर के अध्यक्ष डॉ. शिव गौतम एवं महासचिव ई.आर.सी. शर्मा ने बताया कि पूर्व में कई बार इसके लिए प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से भेंटकर ज्ञापन दे चुका है। शर्मा ने आशा व्यक्त की है कि मुख्यमंत्री ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन कर अपने वादे को पूरा कर ब्राह्मण समाज को अनुग्रहीत करेंगे।

## शहीद हेमू कालानी के बलिदान दिवस पर दीपदान कार्यक्रम आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुरलीपुरा स्कीम स्थित मुख्य सर्किल पर स्वतंत्रता संग्राम के शहीद हेमू कालानी के बलिदान दिवस पर दीपदान कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में लोगों ने दीप प्रज्जवलित किए और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूज्य सिंधी पंचायत, भारत विकास परिषद एवं गायत्री परिवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष लोकचंद हरिरामानी ने अमर शहीद हेमू कालानी के जीवन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विनोद कुमार शर्मा, शिवदयाल मिश्रा, मनोज कुमार, स्थानीय पार्षद दीपमाला शर्मा, शैलेन्द्र शर्मा, भूमिका कृपलानी, लाजवंती, कोमल, मोहनलाल नामदेव, छबलदास नवलानी, हरिशंकर शर्मा, दीनू लालवानी, शशिकुमार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## शिल्प सृजन संस्था ने बांटे स्वेटर



**जयपुर @ जागरूक जनता।** कड़ाके की ठंड के बीच ठिठुरते नन्हें बच्चों को शिल्प सृजन संस्था ने स्वेटर वितरित किए। शिल्प सृजन संस्था की अध्यक्ष शिल्पी शाह ने बताया कि वार्षिक स्वेटर वितरण कार्यक्रम में रोटरी क्लब क्राउन के पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस अवसर पर कच्ची बस्तियों में रहने वाले आर्थिक रूप से पिछड़े बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। स्वेटर मिलने के बाद बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## लक्ष्मीनारायण मंदिर के शिखर पर हरी चादर डालकर मजार बनाने के प्रयास का विरोध



**जयपुर @ जागरूक जनता।** गुलाबी नगर स्थित बड़ी चौपड़ पर प्राचीन लक्ष्मीनारायण मंदिर के शिखर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा हरी चादर डालकर मजार बनाने के प्रयास पर जयपुर निवासी भारत शर्मा द्वारा माणक चौक थाना पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध किया गया है। शिकायत में इस घटना से साम्प्रदायिक माहौल बिगड़ने की आशंका व्यक्त की गई है। भारत शर्मा द्वारा दी गई शिकायत में कहा गया है कि बड़ी चौपड़ स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर के उत्तर-पश्चिम कोने में शिव परिवार का एक छोटा मंदिर स्थापित है जिसके शिखर को मजार बनाने की मंशा से समुदाय विशेष के लोगों ने हरी चादर से ढक दिया है। इस घटना से सनातन धर्मावलंबियों की भावनाएं आहत हुई हैं। पुलिस से मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

## जागरूक खबरें

### 350 विद्यार्थियों को लगी वैक्सीन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** मनीष सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गायत्री नगर, जोड़ला, हरमाड़ा,सीकर रोड, स्थित में पैसे से कम 15 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय मैनेजिंग डायरेक्टर महावीर सिंह निठारवाल ने बताया कि कोरोनावायरस के बचाव लिए के विद्यालय के 350 छात्र-छात्राओं को टिका लगवाया गया । जिसमें अभिभावकों वह बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला इस दौरान कोरोना गाइडलाइन की पालना की गई और कार्यक्रम को सफल बनाया। गया । इस मौके पर डायरेक्टर मनीष निठारवाल, प्रधानाचार्य हेमराज मंगावा व विद्यालयी समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।

### भाजपा जिला कार्यकारिणी में 7 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री व 7 मंत्री बनाए

**सांचौर @ जागरूक जनता।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां के निर्देशानुसार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण सिंह देवल, जोधपुर संभाग प्रभारी भजनलाल शर्मा एवं जालौर जिला प्रभारी महेंद्र जी बोहरा व जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली की सहमति से जिला की कार्यकारिणी की घोषणा की। भारतीय जनता पार्टी जालौर जिला की कार्यकारिणी मंगलवार को घोषित कर दी गई। बड़ी बात यह है कि इस कार्यकारिणी में पार्टी ने ज्यादातर युवाओं को जिम्मेदारियां दी है। पिछली कार्यकारिणी के कई वरिष्ठों को फिर से अवसर नहीं दिया गया तो कुछ को शामिल किया गया। प्रदेश के तय मापदंडों के तहत महिलाओं, एसटी व एससी वर्ग को भी प्रतिनिधित्व दिया गया। 21 जनों की कार्यकारिणी में 4 महिलाओं को शामिल किया गया। भाजपा जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के बाद से कार्यकारिणी का इंतजार था। लेकिन मंगलवार को भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह रावत बोरली ने कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। पार्टी ने जातिगत समीकरण बिठा सोशल इंजीनियरिंग की झलक दिखाते हुए कार्यकारिणी में 7 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री एवं 7 मंत्री, प्रवक्ता, आईटी संयोजक, सोशल मीडिया संयोजक ,मीडिया संयोजक पर एक-एक पद मनोनीत किए हैं। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर ईश्वरसिंह थुंबा, भेरूदान चारण, लता व्यास, ठाकराराम मेघवाल, रूप सिंह परमार सिलासन, महेंद्र सिंह झाब,मनजी राम चौधरी, महामंत्री पुखराज राजपुरोहित, प्रकाश छाजेड, हरीश राणावत मंत्री सुशीला जैन,जितेंद्र सरगरा, पवनी मेघवाल,डॉ शीला बिश्नोई, शऐनका कुमारी भील, प्रवीण कुमार माली, भूर सिंह देवकी सहित मुकेश राजपुरोहित को प्रवक्ता, देवेंद्र सुथार आईटी संयोजक ,चंद्रकांत सुंदेशा सोशल मीडिया संयोजक, भावेश सोनी मीडिया संयोजक के रूप में कार्यकारिणी घोषित की।

### मुकुटबन में एमपी बिरला समूह के नए इंटीग्रेटेड सीमेंट प्लांट का उद्घाटन



**चित्तौड़गढ @ जागरूक जनता।** मुकुटबन इंटीग्रेटेड सीमेंट प्लांट के उद्घाटन के साथ ही बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली गई है। ये बात प्लांट के उद्घाटन के मौके पर हर्ष वी लोढ़ा, चेयरमैन एमपी बिरला समूह ने कही। लोढ़ा ने प्लांट की भट्ठी को प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कुल 2,744 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित यह प्लांट कंपनी द्वारा समूह के इतिहास में सबसे बड़ा ग्रीनफील्ड निवेश है। इस प्लांट के शुरू होने के साथ ही समूह का सीमेंट कारोबार सालाना 20 मिलियन टन तक पहुंच जाएगा। बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड का मुकुटबन प्लांट प्रौद्योगिकी और दक्षता मानकों के मामले में भारत में सबसे एडवांस्ड सीमेंट प्लांट्स में से एक होने जा रहा है। लोढ़ा ने कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था और भारत में सीमेंट उद्योग पर महामारी के प्रभाव को देखते हुए मुकुटबन प्लांट का उद्घाटन एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि "कोविड के कारण पेश आई कई सारी बाधाओं के बावजूद और ऐसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में इतनी बड़ी परियोजना को पूरा करना कोई आसान उपलब्धि नहीं है। कोरोना के कारण कई मौकों पर परियोजना स्थल पर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसके कारण काम को रोकना भी पड़ा और कोविड से पैदा हुए हालात के कारण परियोजना स्थल से श्रमिकों का पलायन भी हुआ। यह समूह का चौथा इंटीग्रेटेड सीमेंट यूनिट और क्षमता के हिसाब से महाराष्ट्र का सबसे बड़ा सिंगल लाइन/क्लिन सीमेंट प्लांट होगा। यह 2 गुणा 20 मेगावाट थर्मल कैप्टिव पावर प्लांट द्वारा संचालित होगा, जो पानी की खपत को 90 प्रतिशत तक कम करने के लिए एयर-कूल्ड कंडेनसर तकनीक पर आधारित है। प्लांट को विशेष रूप से एमपी बिरला सीमेंट परफेक्ट प्लस ब्रांड द्वारा बनाया गया है जो प्रबंधन को अपने उत्पादों और ब्रांड की ताकत पर विश्वास दिखाता है। एमडी और सीईओ अरविंद पाठक ने कहा कि "हम अपने चैनल पार्टनर्स और इंफ्लूएंसर्स को आश्वस्त करते हैं कि हमारी बिक्री, विपणन, तकनीकी सेवाएं और लॉजिस्टिक्स टीम उनका समर्थन करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। प्रेसिडेंट, सेल्स एंड लॉजिस्टिक्स देव बनर्जी ने कहा कि "हम अब अपने उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ सीमेंट से बेहतर देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुकुटबन हमें पर्यावरण की दृष्टि से सस्टेनेबल तौर पर सीमेंट को ग्रीन माध्यमों से बनाने का रास्ता दिखाएगा।

### आदीवासी बहुल रणेशजी में शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य सुधार एवं सहायता शिविर



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** दीन-हीन, निर्धन, आदीवासी वर्ग के उत्थानार्थ नारायण सेवा संस्थान द्वारा कोटड़ा तहसील के पिपलीखेड़ा ग्राम पंचायत के अति दुर्गम पहाड़ियों में स्थित रणेशजी गांव में शिक्षा-चिकित्सा, स्वास्थ्य सुधार एवं सहायता शिविर संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित हुआ। शिविर में कुपोषित, मेले कुचले आदीवासी बच्चों के नाखून व बाल काटकर, मंजन करवाकर उन्हें नहला-धुलाकर 150 टूथपेस्ट-ब्रश, 250 स्वेटर एवं पौष्टिक बिस्कीट बांटे गये। प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि शिविर में आयी मजदूर परिवार की औरतों को कीटाणुओं से होने वाली बीमारीयां से अवगत कराया एवं मौसमी बीमारी से स्वस्थ रहने के उपाय बताये गये। साथ ही उन्हें सर्दी से बचाव के लिए 250-250 कम्बल, स्वेटर, मौजे, चप्पल वितरित किये गये। शिविर में आए 3 दिव्यांगों को वोकर, 3 को स्टीक, 1 को बैशाखी दी गयी। वहीं 2 अतिनिर्धन एवं कुपोषित परिवारों को घर-घर जाकर एक महिनें की राशन सामग्री दी गयी तो एक विधवा बहिन की दयनीय दशा देखकर को सिलाई मशीन भेंट की गयी। संस्थान की मेडीकल टीम ने 150 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परिक्षण भी किया। डॉक्टर अक्षय गोयल ने बताया कि इन आदीवासीयों में सर्दी, जुखाम, एलर्जी, दर्द, फीवर, दाद-खुजली, केवीटी, एनिमिया जैसी बीमारीयों के लक्षण पाये गये जिन्हें उपचार देते हुए निःशुल्क दवाईयां दी गयी। इन्हें रोगां के प्रति जागरूक करते हुए 200 साबुन, मास्क, सेनेटाईजर आदि भी वितरित किये गये। शिविर में 30 सदस्य साधकों की टीम ने सेवाएं दी। शिविर का स्थानीय संयोजन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लीलादेवी ने तथा संस्थान की ओर से दल्लाराम पटेल, दिलीप सिंह, मनीष परिहार ने किया।

## राजस्थान हाईकोर्ट का अहम फैसला

# विवाहित बेटी पिता की जगह अनुकंपा नौकरी की हकदार... माता-पिता के वृद्ध होने पर विवाहित बेटी उनकी देखरेख के लिए भी बेटे की तरह जिम्मेदार

**कोर्ट ने कहा...शादी के बाद बेटी पिता के परिवार की नहीं, बल्कि पति के परिवार की हो जाती है... ऐसे खयालात पुराने, विवाहित बेटा-बेटी एक समान हैं।**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर/जोधपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक विवाहित महिला को उसके पिता की जगह अनुकंपा नौकरी देने का आदेश देते हुए कुछ अहम टिप्पणियां की हैं। जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमि. ने एक महिला का आवेदन यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया था कि वह अब पति के परिवार का हिस्सा है, इसलिए उसके अधिकार भी उसी परिवार में हैं। महिला इसके खिलाफ हाईकोर्ट पहुंची थी। जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी की बेंच ने महिला को नौकरी देने का आदेश देते हुए कहा- 'शादी के बाद बेटी पिता के कुनबे का हिस्सा नहीं रहती, बल्कि वह पति के कुनबे का हिस्सा हो जाती है, ये खयालात बहुत पुराने हो चुके हैं। वह अपने पिता के अधिकारों में हमेशा हमवारिस रहती है। जैसे अधिकार उसके अविवाहित होने पर रहते हैं, वैसे ही विवाहित होने के बाद भी रहते हैं। क्योंकि, किसी के अविवाहित या विवाहित होने से उनके माता-पिता के साथ रिश्ते नहीं बदल जाते, न ही उनकी जिम्मेदारी कम हो जाती हैं। वह पिता की अनुकंपा नौकरी की उतनी ही हकदार है, जितना कि बेटा। विवाहित होने के बाद भी जैसे एक बेटा अपने माता-पिता की देखरेख के लिए जिम्मेदार होता है, ठीक वैसे ही बेटी भी बराबर की जिम्मेदार होती है। विवाहित होने से बेटी की जिम्मेदारियां कम नहीं हो जातीं... और जब विवाहित बेटे और विवाहित बेटी की जिम्मेदारी एक समान है तो फिर अनुकंपा नौकरी के समय विवाहित बेटी के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता।'

#### पेंच तब और फंस जाता है, जब बेटे और बेटियां एक ही नौकरी पर दावा करते हैं

अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरियों के लिए राज्य सरकारों के अपने-अपने नियम हैं। कई बार मामला तब और पेचीदा हो जाता है, जब अनुकंपा नौकरी के लिए मृतक के बेटे और बेटियां एक साथ आवेदन कर देते हैं। ऐसे में अदालतें सभी पक्षों के एजुकेशनल और प्रोफेशनल योग्यता के आधार पर फैसले सुनाती हैं।

#### यह था मामला: विद्युत निगम ने महिला को आश्रित की श्रेणी में नहीं माना था

जैसलमेर की शोभा के पिता गनपत सिंह चौहान लाइनमैन थे। 2016 को उनकी मृत्यु हो गई। पीछे पत्नी और विवाहित बेटी शोभा बच गईं। शोभा ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया। 6 जून 2017 को विद्युत निगम ने आवेदन निरस्त करते हुए कहा- विवाहित महिला आश्रित की कैटेगरी में नहीं आती। इस पर महिला ने कोर्ट की शरण ली थी।

## डॉ. मनोज मोरारका ने सोनी टीवी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'शार्क टैंक इंडिया' में मचाई धूम

# एक भी व्यक्ति का हॉर्ट अटैक बचा सका तो ये मेरे लिए एक उपलब्धि होगी- डॉ. मोरारका





जागरूक जनता
jagrukjanta.net

### युवा उद्यमी को दुनियाभर से मिल रही शुभकामनाएं



**जयपुर।** जीवन में कभी कभी ऐसे क्षण भी आते हैं जिनको आदमी ताउम्र नहीं भूल पाता। ऐसा ही क्षण जयपुर के युवा उद्योगपति डॉ. मनोज मोरारका के जीवन में तब आया जब उनका चयन सोनी टीवी के प्राइम टाइम पर प्रसारित होने वाले लोकप्रिय कार्यक्रम 'शॉर्क टैंक इंडिया' के लिए हो गया। 'शॉर्क टैंक इंडिया' से पहले प्राइम टाइम पर 'कौन बनेगा करोड़पति' का प्रसारण होता था। ऐसे समय में डॉ. मोरारका भी कहां पीछे रहने वाले थे। उन्होंने मुम्बई के फिल्मसिटी स्टूडियो में अपनी पत्नी निर्मला मोरारका के साथ इस शो की शूटिंग के दौरान अपनी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन किया। डॉ. मोरारका के इस अनौखे कॉन्सेप्ट से शो के जज खासे प्रभावित नजर आए और बीते 30 दिसम्बर को शो का प्रसारण हुआ जिसके बाद डॉ. मोरारका को पूरी दुनिया से सराहना मिल रही है। डॉ. मोरारका का कहना है कि अगर मैं एक भी व्यक्ति को हॉर्ट अटैक होने से बचा सका तो यह मेरे लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। यह शो अमेरिका में 13 साल पहले शुरू हुआ था, जिसका अब तक 115 देशों में प्रसारण हो चुका है। इस कार्यक्रम में देश के ऐसे अनौखे उद्यमियों और स्टार्टअप्स को जगह दी जाती है, जिन्होंने अपनी उद्यमिता में कुछ अनूठा प्रयोग किया हो, जो देश के युवाओं को प्रेरणा देता हो। डॉ. मनोज मोरारका की पत्नी निर्मला मोरारका इनकी कंपनी मणिशंकर ऑयल्स प्राइवेट लिमिटेड में मार्केटिंग डायरेक्टर भी हैं। डॉ. मनोज मोरारका जो फूड ऑयल के रिसर्चर भी हैं। शार्क टैंक इंडिया के सैट पर लेंसकार्ट के एमडी पीयूष बंसल, शादी डॉट कॉम के सीईओ अनुपम मित्तल, भारत पे के सीईओ अश्नीर ग्रोवर, वोट के सीईओ अमन गुप्ता और एम क्योर फार्मास्यूटिकल की ईडी नमिता थापर जैसे देश के मशहूर और सफल उद्योगपति जज की भूमिका में थे। इन सभी जजों के सामने डॉ मनोज मोरारका ने ऑर्गेनिक फूड को लेकर देश और दुनिया में फैली भ्रांतियों को दूर किया। डॉ. मोरारका ने कहा कि हम ऑर्गेनिक उत्पाद तो पैदा सकते हैं, लेकिन उनका पैकेजिंग प्रोसेस यदि ऑर्गेनिक नहीं है तो उसका पूरा लाभ उपभोक्ता को नहीं मिल सकता। जैसे ऑर्गेनिक सरसों तो पैदा कर ली, लेकिन तेल निकालने में आर्गेनिक तरीका न अपना कर आधुनिक मशीनों का उपयोग किया तो मशीनों द्वारा निकाला गया तेल ऑर्गेनिक गुणवत्ता वाला नहीं हो सकता। डॉ. मोरारका ने सरसों को लेकर भी अपनी रिसर्च के आधार पर उपयोगी जानकारी दी। पूरी दुनिया जिस काले दाने वाले तिलहन को सरसों के तौर पर पहचानती है, दरअसल वह सरसों है ही नहीं। इसका मूल नाम रायड़ा है। केवल पीले दानों वाले तिलहन का नाम ही सरसों है। काली सरसों का इतिहास केवल डेढ़ सौ साल पुराना है, जबकि पीली सरसों का लिखित इतिहास 6 हजार साल पुराना है। पीली सरसों का उल्लेख रामायण, बाईबिल और बौद्ध धर्म के त्रिपिटक में भी है। पीली सरसों का उपयोग पूजा अर्चना में भी किया जाता है। पूजा के दौरान पीली सरसों को दसों दिशाओं में फेंक कर इंद्रियों को नियंत्रित किया जाता है। वैज्ञानिक रिसर्च से यह तय हो चुका है कि पीली सरसों का तेल जबरदस्त इम्यूनिटी बूस्टर है, इसे खाने में इस्तेमाल करने से कई रोग दूर होते हैं और मन एकाग्र होता है। डॉ. मोरारका के जिस कॉन्सेप्ट को सबसे ज्यादा सराहना मिली वो है, अपने उत्पाद की पैकिंग पर शहीदों का चित्र और उनके बलिदान की जानकारी। जजों ने कहा कि ऐसा कॉन्सेप्ट वीरभूमि राजस्थान के उद्यमी ही तैयार कर सकते हैं। लेंसकार्ट के एमडी पीयूष बंसल ने इस कॉन्सेप्ट का इस्तेमाल अपने उत्पादों में भी करने की अनुमति मांगी। डॉ. मोरारका ने यह कहते हुए अनुमति दी कि शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेने का सबको हक है। वोट के सीईओ अमन गुप्ता ने डॉ. मोरारका और उनकी कंपनी को हमेशा सहयोग करने का वादा किया। इस शो में भाग लेने के बाद डॉ. मोरारका के पास लगभग 8 देशों से फोन आ चुके हैं। सभी ने उनके उत्पाद और उनको तैयार करने की ऑर्गेनिक विधि को जानना चाहा।

## पुनर्जन्म का ये किस्सा हैरान कर देगा

# 4 साल की किंजल बनकर आई 9 साल पहले जल कर मरी ऊषा

**किंजल ने जो कहानी बताई, पास के गांव में वह सच निकली**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



किंजल



ऊषा जिसकी 9 साल पहले मौत हुई थी

**उदयपुर।** पुनर्जन्म की ये कहानी आपको हैरान कर देगी। राजस्थान के राजसमंद में एक 4 साल की बच्ची ने अपने पुनर्जन्म को लेकर जो दावे किए, वो चौंकाने वाले हैं। बच्ची की बातों से मां-बाप से लेकर रिश्तेदार और गांव वाले सब चकित हैं। मासूम पिछले जन्म की जो बातें और किस्से बता रही है, वह सच निकले हैं। पहली जिंदगी में उसकी मौत कब और कैसे हुई, बच्ची यह सब बताती है।

कहानी शुरू होती है नाथद्वारा से सटे गांव परावल से। रतनसिंह चूंडावत की 5 बेटियां हैं। वह एक होटल में नौकरी करते हैं। पिछले एक साल से उनकी सबसे छोटी बेटी किंजल (4) बार-बार अपने भाई से मिलने की बात कह रही थी। उन्होंने पहले तो इस पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन दो महीने पहले जब एक बार किंजल की मां दुर्गा ने उससे अपने पापा को बुलाने को कहा तो वह बोली पापा तो पिपलांत्री गांव में हैं। पिपलांत्री वही गांव है, जहां ऊषा नाम की एक महिला की जलने से मौत हो गई थी। किंजल के अभी के गांव से करीब 30 किलोमीटर दूर। बच्ची कहती है, वही ऊषा है।

#### दावा- नौ साल पहले आग से जलकर मरी थी

यहीं से शुरू होती है किंजल के पुनर्जन्म की कहानी। बच्ची के जवाब और दावे से पूरा परिवार सन्न रह गया। मां दुर्गा के बार-बार पूछने पर किंजल आगे बताती है कि उसके मां-बाप और भाई समेत पूरा परिवार पिपलांत्री में ही रहता है। वह 9 साल पहले जल गई थी। इस हादसे में उसकी मौत हो गई और एंबुलेंस यहां छोड़कर चली गई। दुर्गा ने यह बात बच्ची के पिता रतन सिंह को बताई तो वह बच्ची को मंदिर और थान पर ले गए। उसे डॉक्टरों को भी दिखाया तो बच्ची को कोई समस्या नहीं थी। बच्ची सामान्य थी। बस अब वह बार-बार अपने पहले जन्म के परिवार से मिलने की जिद करने लगी। किंजल ने बताया कि उसके परिवार में दो भाई-बहन हैं। पापा ट्रैक्टर चलाते हैं। पीहर पीपलांत्री और ससुराल ओडन में है।

#### किंजल की कहानी सुनकर ऊषा का भाई मिलने पहुंचा, देखकर रोने लगी

किंजल की कहानी जब पिपलांत्री के पंकज के पास पहुंची तो वह परावल आया। पंकज ऊषा का भाई है। बकौल पंकज जैसे ही उसे देखा तो किंजल की खुशी का ठिकाना न रहा। फोन में मां और ऊषा का फोटो दिखाया तो वह फूट-फूटकर रोने लगी। 14 जनवरी को किंजल अपनी मां और दादा सहित परिवार के साथ पिपलांत्री पहुंची। ऊषा की मां गीता पालीवाल ने बताया कि जब किंजल हमारे गांव आई तो ऐसा लगा जैस बरसों से वह यहीं रह रही हो। जिन महिलाओं को वह पहले जानती थी, उनसे बात की। यहां तक कि जो फूल ऊषा को पसंद थे, उसके बारे में किंजल ने पूछा कि वो फूल अब कहां है। तब हमने बताया कि 7-8 साल पहले हटा दिए थे। दोनों छोटी बेटियों और बेटों से भी बात की और खूब दुलार किया। गीता ने बताया कि उनकी बेटी ऊषा 2013 में घर में काम करते वक्त गैस चूल्हे से झुलस गई थी। ऊषा के दो बच्चे भी हैं।

#### अब ऊषा के परिवार से भी बन गया रिश्ता

इस घटनाक्र म के बाद किंजल और ऊषा के परिवार के बीच अनूठा रिश्ता बन गया। किंजल रोजाना परिवार के प्रकाश और हिना से फोन पर बात करती है। ऊषा की मां कहती हैं, 'हमें भी ऐसा लगता है कि मानों हम ऊषा से ही बात कर रहे हों। ऊषा भी बचपन में ऐसे ही बातें करती थी।'

#### यह संभव है, पहले आ चुके हैं ऐसे केस

यह पार्ट ऑफ पैरासाइकोलॉजी है। हालांकि यह केस कॉमन साइकोलॉजी से परे है। यह बिल्कुल संभव हो सकता है। दुनिया में इससे पहले भी कुछ इसी तरह के केस सामने आए हैं। वे लोग भी पास्ट लाइफ के अनुभवों को याद करने लगे थे। यदि ऐसा है तो परावल गाँव की इस बच्ची का स्टेटमेंट रिकॉर्ड कर विस्तार से जांच होनी चाहिए।

**- डॉ. सुशील खेराड़ा,** एमबी अस्पताल, उदयपुर

#### पुण्य के आधार पर याद रहते हैं किस्से

पुनर्जन्म की कहानी बिल्कुल संभव है। पिछले जन्म में किए गए पुण्यों के आधार पर कई लोगों में 10 वर्ष की उम्र तक याद रहती है। कई धार्मिक पुराणों में इसका जिक्र है। इस केस पर स्टडी करनी बहुत जरूरी है। क्योंकि बड़े होने तक भी बच्ची में माता-पिता और जन्म स्थान को लेकर कोई कंफ्यूजन है तो ये उसके भविष्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है।

**- डॉ. भगवती शंकर व्यास,** ज्योतिषाचार्य

## एबीवीपी के सदस्यों ने मनाई नेताजी जी की 125वीं जयंती

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**पीपाड़ शहर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पीपाड़ शहर के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर नगर मंत्री सीताराम टाक के नेतृत्व में संयुक्त रुप पीपाड़ शहर सुभाष घाट स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर ईकाई उपाध्यक्ष भवानीसिंह कच्छावाह के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नेताजी एक बहुत बड़े रोल मॉडल देश के रहे हैं और उनसे देश के हर एक वर्ग के लोग प्रेरित हुए। उन्होंने देश की आजादी में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके योगदान को देश कभी नहीं भूलेगा। वह हमेशा हमारे आदर्श रहेंगे। इस मौके पर रामकिशोर टाक, पार्षद पीयुष शर्मा, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सीपी मारोठिया, मनीष बागवान, प्रवीण, राकेश सैनी, संजय परिहार सहित कई विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

ANCHOR | फड़ कला की दिखेगी झलक

# राजपथ पर दिखेगा मेवाड़ के क्रांतिकारियों का शौर्य

**10 कलाकारों ने बनाई 120 फीट लंबी पेंटिंग, 700 साल पुरानी हमारी फड़ कला की दिखेगी झलक**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**भीलवाड़ा।** राजस्थान की 700 साल पुरानी फड़ कला और मेवाड़ के क्रांतिकारियों की कहानी को पूरा देश देखेगा। 26 जनवरी को भीलवाड़ा की फड़ कला का प्रदर्शन राजपथ के मुख्य मंच पर होने वाला है। 120 फीट लंबी और 6 फीट चौड़ी फड़ का 15 दिन तक प्रदर्शन किया जाएगा।

इस चित्रकला को पहचान दिलवाने वाले भीलवाड़ा के कल्याण जोशी ने बताया कि राजपथ के मुख्य मंच के आमने-सामने की दीवारों पर 2-2 किलोमीटर की चित्रकलाओं को लगाया जाएगा। फड़ में स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका निभाने वाले क्रांतिकारियों की कहानियों को बताया गया है। फड़ चित्रकलाकार कल्याण जोशी ने बताया कि फड़ को भीलवाड़ा के 10 कलाकारों द्वारा चंडीगढ़ में 10 दिन में तैयार किया है। फड़ में किसान आंदोलन के नायक विजय सिंह पथिक, केशरीसिंह बारहठ की कहानियां को दर्शाया गया है। उन्होंने बताया कि यह पहला मौका है, जब राजपथ पर मेवाड़ के क्रांतिकारियों की कहानियों को पूरा देश निहारेगा।

#### चोचू भाट ने सबसे पहले उनकी फड़ पेंटिंग बनाई

**बताया** जाता है कि लोक देवता देवनारायण के भक्त चोचू भाट ने सबसे पहले उनकी फड़ पेंटिंग बनाई। इससे प्रसन्न होकर देवनारायण ने जोशी जाति के लोगों को फड़ चित्रकला बनाने के लिए अधिकृत किया। तब से जोशी परिवार फड़ चित्रकला बना रहा है। जोशी परिवार जो 16वीं शताब्दी तक भीलवाड़ा के आसपास रहता था, बाद में शाहपुरा पलायन कर गया और 19वीं शताब्दी में पुनः भीलवाड़ा आ बसा। यहां बड़े स्तर पर यह कला सीखी और सिखाई जाती है। 1969 में राजस्थान के भीलवाड़ा में जन्मे कल्याण जोशी 13 वीं शताब्दी के फड़ चित्रकारों के वंश से आते हैं। इनके पिता पद्मश्री लाल जोशी के मार्गदर्शन में वे 8 वर्ष की उम्र से पेंटिंग कर रहे हैं।

## 130 परिवारों को सूखा राशन किट किए वितरित

**बीकानेर @ जागरूक जनता।** अक्षय पात्र फाउण्डेशन की ओर से कोरोना काल में जरूरतमंद परिवारों को सहयोग करने के उद्देश्य से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नायक मोहल्ला राजीव नगर मुक्ता प्रसाद में आयोजित हुए कार्यक्रम में जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन सामग्री के किट वितरित किए गए। पार्षद चेतना चौधरी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में अक्षय पात्र फाउण्डेशन ने प्रबंधक चंपाराम चौधरी ने बताया कि अक्षय पात्र द्वारा एक हजार परिवारों को सूखा राशन सामग्री किट वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसके तहत राजीव नगर विद्यालय में 130 परिवारों को लाभान्वित किया गया है। समग्र शिक्षा से शिव शंकर चौधरी भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे और अक्षय पात्र द्वारा किए जा रहे हैं मानवीय कार्यों की सराहना की। विद्यालय के शिव शंकर चौधरी ने बताया कि विद्यालय में जरूरतमंद परिवारों के बच्चे ही पढ़ते हैं इस तरह के कार्यक्रम से पिछड़े व आर्थिक स्तर से कमजोर परिवारों को संबल मिलता है। हमारा प्रयास है कि इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होते रहे। विद्यालय स्टाफ नीना सैनी, ज्ञान चंद यादव, संतोष सारण आदि ने भी किट वितरण में सहयोग किया।

## अहिंसा प्रकोष्ठ में सैनी होंगे सदस्य



**भोपालगढ़ @ जागरूक जन।** राज्य सरकार के कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के प्रमुख शासन सचिव की ओर से जारी निर्देशानुसार जोधपुर में भी जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अहिंसा प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। जिसमें विभिन्न विभागों के 14 जिलाधिकारियों के साथ ही भोपालगढ़ के युवा सामाजिक कार्यकर्ता शिवकरण सैनी को राज्य सरकार की ओर से मनोनीत सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। जिला कलक्टर कार्यालय की ओर से जारी आदेशानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती, शहीद दिवस व उनको समर्पित विभिन्न आयोजनों के साथ ही आजादी के अमृत महोत्सव के तहत होने वाले विविध कार्यक्रमों एवं इसको लेकर समय-समय पर होने वाले आयोजनों के सफल क्रियान्वयन तथा शांति व अहिंसा के निमित्त विभिन्न कार्यर मों की निरंतरता के क्रम में जिला कलक्टर जोधपुर इंद्रजीतसिंह ने जिला स्तरीय अहिंसा प्रकोष्ठ का गठन किया है। जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित इस प्रकोष्ठ में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम उत्तर व दक्षिण के आयुक्त, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला खेल अधिकारी, उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग तथा उपनिदेशक सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग समेत कुल 14 विभागों के जिला अधिकारियों को बतौर सदस्य शामिल किया गया है।

### मेहंदीपुर बालाजी मंदिर बंद होने से रोजी-रोटी पर संकट

# श्रद्धालुओं की आवक कम होने से आजीविका ठप, 20 गांव के हजारों लोग हैं मंदिर पर निर्भर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**मेहंदीपुर बालाजी।** राज्य सरकार द्वारा जारी की गई कोरोना गाइडलाइन को लेकर जिला प्रशासन के निर्देशन में मेहंदीपुर बालाजी मंदिर 11 जनवरी से बंद है। इससे गरीब तबके के लोगों के आगे आजीविका के साधन बंद होने से रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। तंबू लगाकर रहने वाले गरीब तबके के लोगों ने बताया कि बालाजी मंदिर खुला होने के दौरान रेडी रिक्शा चलाकर एवं भीख मांग कर अपने बच्चों का पालन पोषण करते थे। मंदिर बंद होने के दौरान श्रद्धालुओं की आवक कम होने से सारा काम ठप हो गया है।

उन्होंने बताया कि कोरोना की पहली पहली लहर के दौरान जनप्रतिनिधियों ने भी लॉकडाउन में राशन पानी देकर हमारी मदद की थी। तीसरी लहर के दौरान हमारी मदद करने कोई भी जनप्रतिनिधि आगे नहीं आया है। मंदिर बंद होने के कारण गेस्ट हाउस और दुकानों पर काम करने वाले गरीब तबके के लोगों को संचालनकर्ताओं ने उन्हें काम से छुट्टी दे दी है।

गौरतलब है कि मेहंदीपुर बालाजी क्षेत्र के आसपास के करीब 20 गांवों के हजारों लोगों की और मेहंदीपुर बालाजी में रोड किनारे तंबू लगाकर रहने वाले गरीब तबके के लोगों की आजीविका बालाजी महाराज मंदिर के ऊपर निर्भर है। मंदिर बंद होने से यहां के लोग बेरोजगार हो गए हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश में बताया कि पहले वाले कलेक्टर साहब से बात की थी अब उनका तबादला हो गया है। आज नए कलेक्टर साहब से बालाजी मंदिर खुलवाने को लेकर चर्चा करेंगे।

### विश्राम गृह संचालकों में रोष

**स्थानीय** विश्राम गृह संचालकों का कहना है कस्बे में श्रद्धालुओं की आवक कम होने से सभी विश्रामगृह खाली पड़े हैं जिससे कमाने-खाने का जरिया खत्म हो गया है। बिजली का बिल चुकाना भी मुश्किल हो रहा है। इस दौरान बिजली विभाग के कर्मचारी बिल ना देने पर बिजली के कनेक्शन काट रहे हैं। संचालकों का कहना है कि मंदिर नहीं खुलने तक बिजली विभाग के कर्मचारी बिल को लेकर परेशान नहीं करें तो कुछ राहत मिल सकती है।

## नारी शक्ति की अद्वितीय थी विजयाराजे सिंधिया-राजे

**झालावाड़ @ जागरूक जनता।** जनसंघ की संस्थापक सदस्य विजयाराजे सिंधिया की पुण्यतिथि पर प्रदेशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की। विजयाराजे के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट फार्म पर श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि नारी शक्ति की अद्वितीय मिसाल, प्रेरणापुंज राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी की पुण्यतिथि पर अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि। राजमाता का आदर्श जीवन सभी राष्ट्र प्रेमियों के लिए प्रेरणा है, जो सांसारिक मोह को त्यागकर देश की उन्नति को अपने जीवन का ध्येय समझते हैं। उन्होंने कहा कि अम्मा महाराज देश की स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर भारतीय राजनीति के हर अहम दौर की साक्षी रहीं। उन्होंने आजादी से पूर्व विदेशी वस्त्रों की होली जलाने से लेकर आपातकाल एवं राम मंदिर आंदोलन में भी अपनी अहम भागीदारी निभाई थी।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
तेजकरण लोहिया | रणजीत सिंह | गजेन्द्र सिंह

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
कार्यालय ग्राम पंचायत वाटेरा, तह. पिंडवाड़ा, सिरोही
सविता देवी सरपंच | डॉ. नरोत्तम जणवा उप सरपंच | भरत कुमार प्रजापत ग्रा.वि. अधिकारी
समस्त ग्रामवासियों से निवेदन है कि
1. क्षेत्र के ग्रामीणों से निवेदन है कि कोविड-19 की गाइडलाइन की पालना करें। मुंह पर मास्क लगाएं। 2. शौचालय का उपयोग करें, स्वच्छ, सुंदर गाँव बनाने का संकल्प लें। वृक्षारोपण करें, पर्यावरण की रक्षा करें। 3. सड़कों पर सामान रखकर अतिक्रमण नहीं करें। जीवन-मृत्यु का पंजीकरण करवायें। 4. हम पर विशवास रखें हम करेंगे गाँव में विकास, विकास कार्यों में भागीदार बनें।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
सरस चित्तौड़गढ़ डेयरी
चित्तौड़गढ़ प्रतापगढ़ दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि.
उदयलाल आंजना
सहकारिता मंत्री राज्य सरकार
बद्रीलाल जाट जगपुरा
अध्यक्ष
6 किमी, उदयपुर रोड, डायमण्ड चौराहा, चित्तौड़गढ़ (राज.)

## पिता ने बेटे की घोड़ी पर बिंदोरी निकलवाने की गुहार की तो पुलिस प्रशासन ने निकलवाई बिंदोरी

**बूंदी @ जागरूक जनता।** जिले में ऑपरेशन समानता के अन्तर्गत सामाजिक समरसता के लिए अभूतपूर्व पहल हुई। दलित दूल्हे भी शान के साथ घोड़ी पर बैठ बिंदोरी निकाल सकें, इसके लिए प्रशासन की पहल पर चड़ी गांव में दलित दूल्हे की घोड़ी पर बिंदोरी निकलवाई गई। मेघवाल समाज के दूल्हे की घोड़ी पर बिंदोरी निकलने पर पूरा गांव खुशी से झूम उठा। उल्लेखनीय है कि बूंदी जिले के तालेड़ा के बक्शपुरा निवासी हीरालाल मेघवाल ने 7 जनवरी को जिला कलेक्टर को प्रार्थना पत्र देकर अपने पुत्र की चड़ी गांव में होने वाली शादी में घोड़े पर बिंदोरी निकालने की जानकारी देते हुए आवश्यक प्रबंध करने की गुहार की थी और बताया था कि जिले के ग्राम चड़ी में मेघवाल के समाज के दूल्हे को कभी भी घोडी पर बिठाकर बिन्दोरी नहीं निकाली गई है।

## पर्यटन दिवस पर शिवाजी पार्क का लोकार्पण

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**कोटा।** पर्यटन की दृष्टि से राजस्थान के कोटा को उभारने के प्रयासों के तहत नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर छत्रपति शिवाजी उद्यान का लोकार्पण किया। इससे शहर के डीसीएम, कंसुआ सहित आसपास के करीब डेढ़ लाख लोगों को एक सुंदर उद्यान मिला है वहीं यह उद्यान आने वाले पयर्टकों के आकर्षण का भी केंद्र होगा।

गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों एवं जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कार्यालय ग्राम पंचायत घरट, तह.-पिंडवाड़ा, जिला-सिरोही
धनाराम गरासिया सरपंच
प्यारी बाई गरासिया उप सरपंच
महेन्द्र सिंह ग्रा.वि. अधिकारी
समस्त ग्रामवासियों से निवेदन है कि
1. क्षेत्र के ग्रामीणों से निवेदन है कि कोविड-19 की गाइडलाइन की पालना करें। मुंह पर मास्क लगाएं। 2. शौचालय का उपयोग करें, स्वच्छ, सुंदर गाँव बनाने का संकल्प लें। वृक्षारोपण करें, पर्यावरण की रक्षा करें। 3. सड़कों पर सामान रखकर अतिक्रमण नहीं करें। जीवन-मृत्यु का पंजीकरण करवायें। 4. हम पर विशवास रखें हम करेंगे गाँव में विकास, विकास कार्यों में भागीदार बनें।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
गौरान कंस्ट्रक्शन
आबू रोड, सिरोही
Govt.Civil contractor Deals in all kind civil works
26 January
याकूब खान
9928408342

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
राजा ग्राफिक्स
● स्टार प्रिंटिंग ● रेडियम प्रिंटिंग ● ग्लोसाईन बोर्ड
बैक लाईटिंग प्रिंटिंग ● कनवास प्रिंटिंग ● केनोपी
विनायल प्रिंटिंग ● वन वे विजन ● बैनर व होर्डिंग
पंचायत समिति रोड, मारूति शो-रूम के सामने, सिरोही रोड, पिंडवाड़ा
राजा पेन्टर
मो.- 96643 85159
86199 15801
साईन बोर्ड, वॉल पेंटिंग, चित्रकारी, हैरिटेज पेंटिंग
एवं ऑल एडवरटाईज पेंटिंग व रेडियम वर्क
गवर्नमेन्ट कॉन्ट्रेक्टर एंड सप्लायर्स
स्कोन प्लाजा के सामने, सिपाहियों का मोहल्ला, सिरोही (राज.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
प्रवीण कुमार, नरेश कुमार
26 January
क्रेसर गिट्टी के निर्माता
भारजा (पिंडवाड़ा) सिरोही
मो.: 9928005754

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
बाबा कंस्ट्रक्शन
सरकारी कार्यों के लिए अधिकृत ठेकेदार
आबूरोड, सिरोही
तेज सिंह सुमेर सिंह
मो. +91 98281 31131

### नेहरू युवा केन्द्र द्वारा विवेकानंद की जयंती सप्ताह

## पमाणा के सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई की

**भीनमाल @ जागरूक जनता।** नेहरू युवा केन्द्र जालोर के ब्लॉक सांचोर द्वारा विवेकानंद की जयंती सप्ताह पर ग्राम पंचायत पमाणा के सरपंच डॉ जवाना राम चौधरी के आतिथ्य में कार्यक्रम रखा गया। नेहरू युवा केन्द्र के ब्लॉक स्वयंसेवक डीपी पंचाल के नेतृत्व में ग्रामीण मंडल के सदस्य द्वारा पमाणा में सार्वजनिक स्थल पर साफ सफाई करवाई गई और युवाओं को अधिक से अधिक सार्वजनिक कार्यो में भाग लेने का आव्हान किया। डॉ. जवानाराम ने बताया कि समाज में बढ़ती कुरीतियों को समाप्त करने की जरूरी है। उन्होने युवाओं को हमेशा नशे से दूर रहने और अच्छे मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पमाणा के कई गणमान्य नागरिक, उप सरपंच बगदाराम राणा, आम्बाराम, भेराराम बिश्नोई, नागजीराम चौधरी, बिजलाराम भील, मानाराम मेघवाल, राजूराम पांचाल सहित कई सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
समस्त क्षेत्रवासी कोरोना गाइड़लाइन की पालना करें
26 January
मैसर्स मनोहर लाल खत्री
ए क्लास कॉन्टेक्टर
बालोतरा, जिला- बाड़मेर

गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों एवं जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कार्यालय ग्राम पंचायत धनारी, पंचायत समिति पिंडवाड़ा
देवाराम देवासी उप सरपंच | देव कुंवर सरपंच | आर्यन भारद्वाज ग्रा.वि. अधिकारी
समस्त ग्रामवासियों से निवेदन है कि
1. क्षेत्र के ग्रामीणों से निवेदन है कि कोविड-19 की गाइडलाइन की पालना करें। मुंह पर मास्क लगाएं। 2. शौचालय का उपयोग करें, स्वच्छ, सुंदर गाँव बनाने का संकल्प लें। वृक्षारोपण करें, पर्यावरण की रक्षा करें। 3. सड़कों पर सामान रखकर अतिक्रमण नहीं करें। जीवन-मृत्यु का पंजीकरण करवायें। 4. हम पर विशवास रखें हम करेंगे गाँव में विकास, विकास कार्यों में भागीदार बनें।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
सूर्यगढ़ रिसोर्ट
रेस्टोरेंट | स्वीमिंग पूल | ओपन गार्डन | एसी रूम, नोन एसी रूम
रेस्टोरेन्ट/ गुजराती, पंजाबी, राजस्थानी भोजन की उत्तम जगह
तथा नास्तानी की उत्तम जगह
बीयर बार , रेन डांस, ओपनपुल बार
स्थान
कोटड़ा, पांथावाड़ा, कोलोत्रा, राजस्थान बॉर्डर, राजस्थान :307513 मो:- 97994 53127

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
न्यू शिवम् डेन्टल केयर
सुखाड़िया सर्कल, पिण्डवाड़ा, सिरोही फोन : 02971-281066, मो- 9672154066
Dr. R.R. Bishnoi
B.D.S. (Gold Medalist)
Consultant Dental Surgeon
Dr. S.L. Bishnoi
B.D.S.
Consultant Dental Surgeon
उपलबध सुविधाएं:- रूट केनाल ट्रीटमेंट (RCT) द्वारा दांत दर्द मिटाना, बिना दर्द के दांत निकालना, दांतों की सफाई (अल्ट्रासोनिक मशीन द्वारा), फिक्स दांत लगाना (सिरेमिक, मेंटल व गोल्ड), टेढ़े-मेढ़े दांत का वायरिंग द्वारा ईलाज, अक्कल दाढ़ का ईलाज, मसूडों से खून आने- मुंह से बदबू आदि का ईलाज, पायरिया का ईलाज, बत्तीसी लगाना, कीड़े लगे दांतें (खोचर) में मसाला भरना, गुटखा तम्बाकू खाने से बंद हुए मुंह को वापस खोलने का ईलाज, दांतों में ठंडा-गर्म लगना, कलन, चीस को दूर करना। दांतों का पीलापन दूर करना (ब्लीचिंग व वीनेरिंग द्वारा), जबड़ों व दांतों के फेक्चर का ईलाज, बच्चों के दांतों का ईलाज, दांतों के X-Ray की सुविधा।

गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों एवं जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कार्यालय ग्राम पंचायत कोजरा, तह.-पिंडवाड़ा, सिरोही
जितेन्द्र प्रजापत उप सरपंच | वरजू देवी देवासी सरपंच | दानाराम भाटी ग्रा.वि. अधिकारी
समस्त ग्रामवासियों से निवेदन है कि
1. क्षेत्र के ग्रामीणों से निवेदन है कि कोविड-19 की गाइडलाइन की पालना करें। मुंह पर मास्क लगाएं। 2. शौचालय का उपयोग करें, स्वच्छ, सुंदर गाँव बनाने का संकल्प लें। वृक्षारोपण करें, पर्यावरण की रक्षा करें। 3. सड़कों पर सामान रखकर अतिक्रमण नहीं करें। जीवन-मृत्यु का पंजीकरण करवायें। 4. हम पर विशवास रखें हम करेंगे गाँव में विकास, विकास कार्यों में भागीदार बनें।

गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों एवं जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कार्यालय ग्राम पंचायत अचपुरा, तह.-पिंडवाड़ा, सिरोही
हड़मत सिंह उप सरपंच | बालकी देवी सरपंच | भरत कुमार ग्रा.वि. अधिकारी
समस्त ग्रामवासियों से निवेदन है कि
1. क्षेत्र के ग्रामीणों से निवेदन है कि कोविड-19 की गाइडलाइन की पालना करें। मुंह पर मास्क लगाएं। 2. शौचालय का उपयोग करें, स्वच्छ, सुंदर गाँव बनाने का संकल्प लें। वृक्षारोपण करें, पर्यावरण की रक्षा करें। 3. सड़कों पर सामान रखकर अतिक्रमण नहीं करें। जीवन-मृत्यु का पंजीकरण करवायें। 4. हम पर विशवास रखें हम करेंगे गाँव में विकास, विकास कार्यों में भागीदार बनें।

NARAYAN SEVA SANSTHAN
Our Religion is Humanity
गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर
नारायण सेवा संस्थान
परिवार की ओर से
देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ
हिरण मगरी, सेक्टर-4, उदयपुर ( राज. ) 313002
Tel.: +912946622222, +917023509999
Web : www.narayanseva.org
E-mail : info@narayanseva.org

गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों एवं जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत रामपुरा
लीलाराम रेबारी उप सरपंच | पुष्पेन्द्र सिंह देवड़ा सरपंच | यशपाल सिंह ग्रा.वि. अधिकारी
समस्त ग्रामवासियों से निवेदन है कि
1. क्षेत्र के ग्रामीणों से निवेदन है कि कोविड-19 की गाइडलाइन की पालना करें। मुंह पर मास्क लगाएं। 2. शौचालय का उपयोग करें, स्वच्छ, सुंदर गाँव बनाने का संकल्प लें। वृक्षारोपण करें, पर्यावरण की रक्षा करें। 3. सड़कों पर सामान रखकर अतिक्रमण नहीं करें। जीवन-मृत्यु का पंजीकरण करवायें। 4. सरकारी योजनाओं का लाभ उठायें।

डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23 | R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758
/jagrukjanta /jagrukjantanews jagruk_janta

# 13 जिलों में जल्द बनेगी जिला कार्यकारिणी

## कांग्रेस ने 28 तक मांगे नाम

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस में भले ही अभी 29 जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति का मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हो, लेकिन जिन 13 जिलों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है वहां पर अब जिला स्तर पर संगठन को खड़ा करने की कवायद शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने 13 जिलों के जिलाध्यक्षों से 28 जनवरी तक जिलों के कार्यकारिणी के संभावित नामों की सूची मांगी है। इसे लेकर हाल ही में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष डोटासरा ने जिलाध्यक्षों के साथ हुई वर्चुअल बैठक में इसके निर्देश दिए थे।

**विधायक और वरिष्ठ नेताओं से हो नामों पर चर्चा :** प्रदेश कांग्रेस की ओर से 13 जिलों के जिलाध्यक्षों को संभावित नामों को लेकर जो निर्देश दिए गए हैं उसके मुताबिक 13 जिलों के जिलाध्यक्ष अपने जिलों के विधायकों, मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों की राय और उनके सुझाव लेकर जिला कार्यकारिणी के संभावित नामों की सूची पीसीसी को भेजने को कहा गया है, जिससे इन 13 जिलों में संगठन को मजबूती दी जा सके।

**फरवरी के पहले सप्ताह में होगी 13 जिलों की कार्यकारिणी घोषितः** बताया जाता है कि 28 जनवरी तक 13 जिलों से प्रदेश कांग्रेस को संभावित नामों की सूची भेज दी जाएगी और उसके बाद फरवरी के पहले सप्ताह सप्ताह में 13 जिलों की कार्यकारिणी घोषित कर दी जाएगी।

### माकन की व्यस्तता के चलते नहीं हो पाई 29 जिलों के जिलाध्यक्ष की घोषणा

**दरअसल** पार्टी के लिए सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अजय माकन पिछले 2 माह से पंजाब चुनाव में व्यस्त हैं। ऐसे में माकन की व्यस्तता के चलते 29 जिलों में कांग्रेस के जिलाध्यक्षों के साथ-साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी का भी विस्तार नहीं हो पा रहा है। पंजाब चुनाव से फ्री होने के बाद ही अजय माकन इस ओर ध्यान देंगे। गौरतलब है कि प्रदेश में अगले साल के आखिर में विधानसभा के चुनाव होने हैं, लेकिन कांग्रेस में अभी तक जिला और ब्लॉक स्तर संगठन खड़ा नहीं हो पाया। **इन 13 जिलों में ही है कांग्रेस के जिलाध्यक्ष :** प्रदेश कांग्रेस की ओर से फिलहाल जिन 13 जिलों में जिलाध्यक्ष बनाए गए हैं। उन जिलों में अलवर, बारां, बाड़मेर, बीकानेर, दौसा, जैसलमेर, झालावाड़, जोधपुर ग्रामीण, जोधपुर उत्तर, जोधपुर दक्षिण, नागौर, राजसमंद और सीकर जिले हैं।


# राजस्थान में बर्फीली हवा ने कंपकंपाया

## प्रदेश में पारा 5 डिग्री तक लुढ़का, माउंट आबू में -3 रहा; 2 दिन और रहेगी गलनभरी ठंड



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** उत्तर भारत में हो रही बर्फबारी और वहां से आ रही बर्फीली हवाओं की वजह से राजस्थान समेत तमाम मैदानी राज्यों में पारा गिर गया है। राजस्थान में कोल्ड वेव (शीतलहर) के कारण गंगानगर, चूरू, उदयपुर, कोटा समेत कई जिलों में न्यूनतम तापमान 4-5 डिग्री कम हो गया। मंगलवार को धूप निकली, लेकिन बादल आते-जाते रहे। हिल स्टेशन माउंट आबू में पारा आज दूसरे दिन भी माइनस में रहा। यहां रात का तापमान -3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पहाड़ों और मैदानों में ओस की बूंदें बर्फ की तरह जम गईं। जयपुर मौसम केंद्र के मुताबिक कोल्ड वेव का असर अगले 2 दिन और बना रह सकता है। प्रदेश में मंगलवार को भी अधिकांश शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहा। फतेहपुर, चूरू, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, करौली, अलवर, भीलवाड़ा, सीकर में तापमान 5 डिग्री या उससे भी नीचे दर्ज हुआ। माउंट आबू में आज का न्यूनतम तापमान -3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह हिमाचल के पहाड़ी इलाके कुल्लू, मनाली, शिमला से भी ज्यादा ठंडा रहा। आबू में आज सवेरे जगह-जगह ओस की बूंदें जमी नजर आईं। खुले मैदान, गाड़ियों की छत्तों पर, फूल-पत्ती समेत तमाम जगह बर्फ ही बर्फ जमी थी। बर्फीले मैदान पर सुबह-सुबह पोलो ग्राउंड में खिलाड़ी फुटबॉल खेलते नजर आए।














संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

माघ, पक्ष - कृष्णा, तिथि - नवमी , संवत 2078 | पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-7, अंक-48, 26 जनवरी - 1 फरवरी, 2022 | मूल्य ₹ 5/- | वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-



## जागरूक खबरें

### एकता सोनी लगातार चौथी बार बनी हेल्प सोसायटी की अध्यक्ष



**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** नगर की जानी मानी संस्था हेल्प सोसाइटी के अध्यक्ष पद पर पार्षद एकता सोनी का निर्विरोध रूप से सदस्यों द्वारा मनोनयन किया गया। शनिवार को हेल्प सोसायटी की बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी दो वर्ष के लिए अध्यक्ष पद हेतु सोसायटी की उपाध्यक्ष सीमा पारख ने निवर्तमान अध्यक्ष एकता सोनी का नाम रखा जिसे सभी ने एक मत से लगातार चौथी बार सोनी को समर्थन दिया। मनोनयन पर सौनी का उपरणा ओढ़ाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। सोनी ने अपने उद्धबोधन में कहा कि आप सभी के प्रयासों से ही हेल्प सोसायटी नित नए पायदान को छू रही है, महिला सशक्तिकरण के लिए सोसाइटी सदैव तत्पर है, महिलाओं के विकास हेतु जल्द ही नई योजनाओं को मूर्त रूप देने का प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर सोनी ने अपनी नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर आशा राठौड़, सचिव जया सिंघवी, कोषाध्यक्ष ममता काला, सह सचिव सुनीता पारख व महिला सशक्तिकरण डायरेक्टर संगीता बंसल को नियुक्त किया। इस अवसर पर शर्मिला लढ़ा, करुणा खेरोदिया, चंदा जैन, भावना जैन, रितिका कीमती, रचना अग्रवाल, सीमा कोचेटा, दुर्गा कुमावत उपस्थित थी।

### युवाओं ने मनाया राष्ट्रीय मतदाता दिवस



**बांदा @ जागरूक जनता।** 12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ग्राम करई में मतदाता केंद्र शासकीय प्राथमिक शाला करई में युवाओं ने मनाया मतदाता दिवस एवं छात्र नेता दयाराम यादव ने युवाओं को दिलाई मतदाता शपथ" हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें " यह शपथ युवाओं ने ली एवं दयाराम यादव ने बताया कि देश भर में आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जा रहा है। भारतीय संविधान के मुताबिक, जनता ही इस अनूठे लोकतंत्र की बुनियाद है, जहां जनता सरकार को चुनती है। चुनाव आयोग के 61वें स्थापना दिवस पर 25 जनवरी 2011 को तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस का शुभारंभ किया था। भारत निर्वाचन आयोग पूरे देश में इस बार अपना 12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहा है तथा ,2011 से, भारत के चुनाव आयोग के स्थापना दिवस, यानी 25 जनवरी 1950 को चिह्नित करने के लिए पूरे देश में हर साल 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता रहा है। एनवीडी उत्सव का मुख्य उद्देश्य विशेष रूप से नए मतदाताओं के लिए नामांकन को प्रोत्साहित करना, सुविधा प्रदान करना और अधिकतम नामांकन करना है। देश के मतदाताओं को समर्पित, इस दिन का उपयोग मतदाताओं के बीच जागरूकता फैलाने और चुनावी प्रर्ि या में सूचित भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है एवं बीएलओ दशरथ यादव, श्रीकृष्ण यादव ,खेतशिंग आदिवासी, अमर सिंह आदिवासी, कलू आदिवासी, हकाम सिंह ठाकुर, हरनाम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### छोटा प्रयास, उद्देश्य बड़ा, स्कूल में खोला स्टेशनरी बैंक



**जसपाली/ पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** पीपाड़ शहर उपखंड के जसपाली गांव स्थित राजकीय मध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य किशन टाक ने एक अनूठी पहल चलाकर विधालय में चार चांद लगा दिये जी हा बात ही कुछ ऐसी है विद्यालय दो शब्दों से मिलकर बना है विद्या और आलय। इसका मतलब यह है कि विद्या का घर। यहां विद्या की देवी सरस्वती का वास होता है। अब यह शिक्षक के ऊपर आधारित है कि वह अपने छात्रों को कैसी शिक्षा दे रहे हैं। अगर जिक्र सरकारी विद्यालयों की हो तो बहुत से विद्यालय ऐसे है जहां आपको शर्मसार कर देने वाला माहौल देखने को मिलेगा। शिक्षा के नाम पर यहां सिर्फ बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है। लेकिन कुछ सरकारी विद्यालय ऐसे भी हैं जो अपने छात्रों को निःस्वार्थ भाव से बच्चों के बेहतर कल का निर्माण कर सभी सरकारी विद्यालयों और शिक्षकों के लिए उदाहरण बन रहे हैं। यह कहानी जसपाली के राजकीय माध्यमिक विद्यालय की है जहां पढ़ने की सारी वस्तुएं जैसे कॉपी, पेन, पेन्सिल, बुक आदि छात्रों को निःशुल्क दिया जा रहा है। कहते हैं कि संसार में सबसे खुशी वही है , जो देने में विश्वास रखता है और किसी को कुछ देने से बढ़कर सुख दुनिया की किसी वस्तु में नहीं है। इसी बात को चरितार्थ करते हुए पीपाड़ शहर उपखंड क्षेत्र के राजकीय माध्यमिक विद्यालय जसपाली में भामाशाह प्रकाश कच्छवाह जय स्टेशनर्स पीपाड़ शहर के द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्टेशनरी भेंट की प्रधानाध्यापक किशन टाक ने इस पुण्य कार्य के लिए भामाशाह को धन्यवाद प्रेषित किया। जय स्टेशनर्स द्वारा पिछले 3 वर्षों से लगातार विद्यालय के स्टेशनरी बैंक मे विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार की शिक्षण सामग्री उपलब्ध करवाई जा रही है इस बार भी 51 बैग,100 अभ्यास पुस्तिकाएं, रबड़, पेंसिल सहित 11000 की स्टेशनरी भेंट की। इस प्रकार भामाशाहों के सहयोग से विद्यालय के स्टेशनरी बैंक मै कुल 51000 की विभिन्न शिक्षण सहायक सामग्री जमा हो चुकी है जो जरूरतमंद विद्यार्थियों को समय समय पर उपलब्ध कराई जाती है ,उन्होंने कहा कि भामाशाह के इस कार्य से विद्यार्थी काफी लाभान्वित हो रहे हैं। ज्ञात रहे कि संस्था प्रधान किशन टाक ने बताया कि पिछले वर्ष शिक्षक दिवस पर विद्यालय मे स्टेशनरी बैंक की स्थापना की गई थी,जिसमे समय समय पर भामाशाहों व शिक्षकों द्वारा बच्चों के लिए दी गयी स्टेशनरी जमा की जाती है,जो बाद मे जरूरतमंद बच्चों को वितरित की जाती है। स्टेशनरी के साथ-साथ खिलौने और वस्त्र भी वितरित किए जाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के कार्मिक अमित कुमार शर्मा, शिल्पा कांवट, विजयसिंह राजपुरोहित, रतनलाल, करमाराम, सुरेशचंद्र, ईश्वरसिंह, प्रकाश चौधरी, हेमाराम,व एस एम सी अध्यक्ष रामनिवास मुंडेल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ सहायक अशोक कच्छावाह द्वारा किया गया।

जागरूक जनता फेसबुक पेज
jagrukjanta.com
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

**12वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस वर्चुअल आयोजित**

# मजबूत लोकतंत्र के लिए मताधिकार में विवेक और दायित्व भावना जरूरी-राज्यपाल

### मतदाता पंजीकरण की नई व्यवस्था का व्यापक प्रचार प्रसार करें

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रत्येक नागरिकों से आह्वान किया है कि मजबूत लोकतंत्र के लिए उन्हें अपने मत का प्रयोग पूरे विवेक और दायित्व भावना के साथ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक मत योग्य जनप्रतिनिधि चुन सकता है, वहीं बिना सोच-समझ कर प्रयोग किया गया मत अयोग्य का भी चयन कर सकता है। मिश्र 12वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में मंगलवार को यहां राजभवन से वर्चुअल सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक-एक मतदाता को जोड़ने की अवधारणा के तहत राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन भारत निर्वाचन आयोग की महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि मतदान के जरिए ऐसे जनप्रतिनिधियों को चुना जाना चाहिए जो देश को विकास और प्रगति के पथ पर आगे ले जा सकें।

राज्यपाल मिश्र ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इस वर्ष मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण में जोड़े गए 20 लाख से अधिक नव मतदाताओं में से 95 प्रतिशत से अधिक ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से जोड़े गए हैं। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष में चार बार मतदाता पंजीकरण की नई व्यवस्था का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए ताकि युवा 18 वर्ष की आयु प्राप्त करते ही पंजीयन करा सकें। कार्यक्रम में भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त सुशील चन्द्रा का राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर देश की जनता के नाम संदेश का वीडियो प्रसारित किया गया। उन्होंने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व कानून में महत्वपूर्ण संशोधन के बाद अब 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम निर्वाचक नामावली में जोड़ने की प्रक्रिया वर्ष में चार बार करवाई जा सकेगी। अब प्रति वर्ष एक जनवरी, एक अप्रेल, एक जुलाई और एक अक्टूबर को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम निर्वाचक नामावली में जुड़वाए जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता पहचान पत्र को आधार संख्या से जोड़ने की पहल मतदाता सूची से दोहराव हटाने में महत्वपूर्ण साबित होगी।

राज्य निर्वाचन आयुक्त प्रेम सिंह मेहरा ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम, समावेशी, सहभागी और वोटर फ्रेंडली बनाने के लिए देश-प्रदेश में निरंतर प्रयास किए जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप को कम करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की शुरुआत इसे समावेशी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1951-52 में देश में लोकसभा चुनाव में कुल मतदाता 17 करोड़ 32 लाख थे, जो वर्ष 2019 में बढ़कर 91 करोड़ 20 लाख से अधिक हो गए। उन्होंने कहा कि पहले लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत 44.8 प्रतिशत था, जो वर्ष 2019 में 67 प्रतिशत पर पहुंच गया। मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने कहा कि आमजन को स्वयं को शासित करने के लिए निर्वाचन का अधिकार लोकतंत्र का सबसे बड़ा उपहार है। निर्वाचन प्रक्रिया में हर नागरिक को जोड़ा जा सके और हर मतदाता की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके, इस दृष्टि से मतदाता जागरुकता के लिए प्रशासन के स्तर पर भी व्यापक प्रयास किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान जैसे विषम भौगोलिक परिस्थिति वाले राज्य में चुनाव प्रक्रिया को समावेशी, सहभागी एवं सुगम बनाने की जिम्मेदारी का सभी को पूरी तत्परता से निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान की गरिमा को बनाए रखने का प्रण लेने का भी सभी से आह्वान किया।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस दिवस को मनाने का उद्देश्य नए मतदाताओं को प्रोत्साहित करना, उनका अधिकाधिक नामांकन करना और उन्हें जागरुक बनाना है। इस वर्ष राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम 'चुनावों को समावेशी, सुगम एवं सहभागी बनाना' रखी गई है। उन्होंने कहा कि निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण अभियान में ऑनलाइन आवेदन लेने में राजस्थान अग्रणी रहा है। पुनरीक्षण अभियान में प्रदेश में 29 लाख से अधिक ऑनलाइन आवेदन मिले, जो देश में सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन व 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए होम वोटिंग का प्रावधान किए जाने से दिव्यांग मतदाताओं के वोटिंग प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। निर्वाचन विभाग की स्टेट आइकन शताब्दी अवस्थी ने कहा कि एक-एक मत से देश का भविष्य निर्धारित होता है। इसलिए नव मतदाता मतदान दिवस को अवकाश के रूप में नहीं लेकर जब भी मतदान होता है तब जिम्मेदार नागरिक के रूप में अनिवार्य रूप से मतदान करना सुनिश्चित करें। राज्यपाल मिश्र ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस 2022 के पोस्टर का विमोचन किया तथा मतदाताओं को शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम के आरम्भ में राज्यपाल मिश्र ने संविधान की उद्देश्यिका एवं मूल कर्तव्यों का वाचन भी करवाया। कार्यक्रम में नव पंजीकृत मतदाताओं डिम्पल अरोड़ा, दिव्यम जांगिड़ एवं विशेष योग्यजन नव मतदाता सुमुनजा को फोटो युक्त ईपिक कार्ड भी प्रदान किए गए।


#### ईपिक किट भेजने की नई पहल

कार्यक्रम के दौरान नई पहल के रूप में बहुरंगी लिफाफे में ईपिक किट भेजने की नई व्यवस्था की शुरुआत भी जयपुर जिले के मालवीय नगर एवं बस्सी विधानसभा क्षेत्र से की गई। यह व्यवस्था आगे पूरे प्रदेश में लागू की जाएगी। जिला निर्वाचक अधिकारी एवं जिला कलक्टर जयपुर राजन विशाल ने डाकघर वरिष्ठ अधीक्षक प्रियंका गुप्ता को बहुरंगी लिफाफा सौंप कर इसका शुभारम्भ किया।
उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता, सम्पत्ति सहित विभिन्न जानकारी आमजन को उपलब्ध कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शुरू किए गए 'नो यॉर कैंडिडेट एप' और मतदाता पहचान पत्र को डिजिटल बनाने के लिए मोबाइल से लिंक ई-एपिक कार्ड के बारे में भी कार्यक्रम में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार, अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी कृष्ण कुणाल, कॉलेज शिक्षा आयुक्त शुचि त्यागी, राज्यपाल के प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल, राज्य के सभी सम्भागीय आयुक्त, जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला स्तर पर सम्मानित होने वाले कर्मचारी, अधिकारी, छात्र-छात्रायें, स्वयं सेवी संगठनों के सदस्यगण वर्चुअल उपस्थित रहे।

#### अधिकारियों-कर्मचारियों को मिला सम्मान

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में निर्वाचन प्रक्रिया में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को राज्यपाल की ओर से राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अतंर्गत जल जीवन मिशन राजस्थान के मिशन निदेशक एवं तत्कालीन जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अजमेर प्रकाशराज पुरोहित, जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) चूरू एवं तत्कालीन जिला कलक्टर करौली सिद्धार्थ सिहाग, जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) हनुमानगढ़ नथमल डिडेल, विशिष्ट सचिव आयोजना एवं तत्कालीन जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) श्रीगंगानगर जाकिर हुसैन, जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) अलवर नन्नूमल पहाड़िया, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार आयुक्त एवं तत्कालीन कॉलेज शिक्षा आयुक्त संदेश नायक, जेवीवीएनएल सचिव एवं तत्कालीन उपजिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) जयपुर जगजीत सिंह मोगा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी निर्वाचन विभाग जयपुर पुनीत कोहली को सचिवालय में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उपजिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) डूंगरपुर कृष्णपाल सिंह चौहान, जिला परिषद सीईओ जोधपुर एवं तत्कालीन निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) चौमूं अभिषेक सुराणा, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) कठूमर रामकिशोर मीना द्वितीय, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) बायतू जगदीश सिंह आशिया, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) गंगापुर सिटी अनिल कुमार चौधरी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) श्रीगंगानगर दयानन्द रुयाल, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) श्रीडूंगरगढ़ सुदिव्या, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) धौलपुर सुभारती भारद्वाज, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एसडीएम) बांसवाड़ा परवत सिंह चूंडावत को जिलास्तरीय कार्यक्रम में राज्य स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। बूथ लेवल अधिकारियों में सुरेन्द्र डागरिया, पर्यवेक्षक, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-धरियावद, प्रतापगढ़, मनीष ठाकुर, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-बीकानेर पूर्व, बीकानेर, नरेन्द्र सिंह यादव, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-तिजारा, अलवर, सूरज भान, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-रामगंज मंडी, कोटा, दीपक कुमार जैन, बीएलओ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-बाड़मेर, उग्रसेन चालिया, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-पीलीबंगा, हनुमानगढ़, देवी लाल गमेती, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-उदयपुर ग्रामीण, उदयपुर, रामकेश मीणा, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-डेगाना, नागौर, गजानंद सैनी, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-खण्डेला, सीकर, सुकुमाल जैन, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-सांगानेर, जयपुर, रविन्द्र सिंह, बीएलओ, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-बाडी, धौलपुर को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मजहर हुसैन, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, उदयपुर, लक्ष्मण सिंह चौधरी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, चूरू, मनीष कुमार, सूचना सहायक, कार्यालय निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मालवीय नगर, जयपुर, पुनीत शर्मा, मुख्य आयोजना अधिकारी एवं सहायक प्रभारी स्वीप प्रकोष्ठ, उदयपुर, बाबूलाल सकलेचा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी, कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, बाड़मेर, जयपुर, रामप्रकाश शर्मा, कार्यालय डीईओ, राजसमन्द को भी सम्मानित किया गया।

### डॉ टीना राव की रचना विश्व रिकॉर्ड में शामिल




जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**पाली।** राजस्थान की बाली की रहने वाली युवा कवयित्री एवं लेक्चरर डॉ टीना राव जी जो एवं प्रसिद्ध जाना पहचाना साहित्य के क्षेत्र मे नाम है एवं साथ ही ब्यूटी कॉन्टेस्ट विजेता भी रह चुकी हैं की खूबसूरत देशभक्ती कविता विश्व रिकॉर्ड में शामिल हुआ। प्रतिष्ठित प्राची पब्लिकेशन की संकल्प से यह सम्भव हो पाया । कहाँ गया है अगर मनुष्य चाहें तो पत्थर पर भी फूल उगा सकता है । भारत के प्रधानमन्त्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के 'मन की बात' से प्रेरित होकर प्राची डिजिटल पब्लिकेशन ने निर्णय लिया की एक अलग मुकाम हासिल करना है, सिर्फ 5 दिन मे 'भारत @ 75' पुस्तक में संपूर्ण भारत के 75 रचनाकारों की रचना शामिल कर प्रकाशित कर एक रिकॉर्ड बनाया जिसे ओ एम जी बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी शामिल किया गया । इस सम्मानित बुक का संपादन दीपा मिश्रा, राजीव कुमार झां, प्रीति चौधरी मनोरमा, लक्ष्मण सिंह त्यागी, प्रेरणा पेरिश ने किया । ओ एम जी द्वारा 2022 के लिए इस पुस्तक का रिकॉर्ड मे शामिल करने के लिए घोषणा किया । इस उपलब्धि पर इनको बिहार से युवा लेखक रूपेश कुमार, लखनऊ से एडवोकेट अनुजा मनु, शायरा प्रिया सिंह, आगरा से प्रोफेसर डॉ विजय लक्ष्मी, मुजफ्फरपुर से प्रोफेसर निधि कुमारी, उत्तराखंड से प्रोफेसर डॉ वसुंधरा उपाध्याय, दिल्ली से डॉ अनामिका रोहिल्ला, वाराणसी से उपन्यासकार अरुण कुमार, बुलंदशहर से बीजेपी महिला मोर्चा जिला मंत्री सह कवयित्री ,कैनवास चित्रकार कल्पना चौधरी, पटना से मॉडल, कवयित्री रूपा वात्स्यायन इत्यादी प्रतिष्ठित लोगों ने बधाईयाँ दी।

### भाजपा युवा मोर्चा देहात दक्षिण विस्तार के साथ पीपाड़ युवा मोर्चा मण्डल कार्यकारिणी गठित

**पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही भाजपा ने युवा मोर्चा के विभिन्न पदो पर पीपाड़ शहर युवा मोर्चा कार्यकारिणी की टीम गठित कर दी है भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा हिमांशु शर्मा के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष जोधपुर देहात दक्षिण जगराम विशनोई, भाजपा युवा मोर्चा के दक्षिण देहात जिलाध्यक्ष अरविंद बर्रा, पीपाड़ मंडल अध्यक्ष रामकिशोर भुतड़ा की सहमति से पीपाड़ शहर भाजपा युवा मोर्चा की कार्यकारिणी में विस्तार किया गया। भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष पीपाड़ शहर चेतन प्रकाश मारोटिया ने बताया कीदो उपाध्यक्ष सुरेश चौहान, पूनम चंद सोनी, दो महामंत्री भवानीसिंह कच्छावाह, निर्मल कटारिया, चार मण्डल मंत्री महेंद्र सोनेल, धनराज सैन, मुकेश जीनगर, नीतू सैनी, कोषाध्यक्ष रामकरण जांगिड़, सह कोषाध्यक्ष रजत आचार्य, मीडिया प्रभारी मनीष टाक, सह मीडिया प्रभारी सुरेश मारोटीया, कार्यालय मंत्री रामेश्वर, सह कार्यालय मंत्री मुकेश, मण्डल सदस्य यश सोनी साहित को बनाया। इनकी पार्टी के प्रति सेवा, निष्ठा को देखते हुए विभिन्न पदो पर नियुक्त किया गया। जोधपुर देहात दक्षिण के अध्यक्ष बर्रा ने घोषणा करते हुए कहा कि जिस प्रकार भाजपा झंडा है, उसी प्रकार युवा मोर्चा उसका डंडा है। उन्होंने कहा कि यह पद नहीं बल्कि एक दायित्व है, जिसका निर्वहन ईमानदारी से करें। कार्यकारिणी विस्तार के दौरान सभी पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा करवा कर बधाई दी।

**अंतराष्ट्रीय कवि सम्मेलन में देश भक्ति का उमड़ा जज्बा**

## मेरा भारत मुझमे बसता है, संपर्क अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन की धूम

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सामाजिक व साहित्यिक सरोकारों में अग्रणी संपर्क संस्थान के तत्वाधान में आज़ादी के अमृत महोत्सव कड़ी में देश-विदेश की ख्यातनाम व नवोदित रचनाकारों ने जूम पर आयोजित अंतराष्ट्रीय कवि सम्मेलन में तिरंगा में देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं से समा बांध दिया। लगातार 2 घण्टे तक चले इस आयोजन में अमेरिका दुबई ऑस्ट्रिया सहित देश के विभिन्न राज्यों की कवियित्रियों ने तिरंगे परिधान से सजधज कर अपनी देश प्रेम की कविताओं से जोश भर दिया । सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पूर्व संयुक्त निदेशक प्यारे मोहन त्रिपाठी, स्वतंत्र पत्रकार व साहित्यकार वीना करमचंदानी के आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में 30 से ज्यादा रचनाकारों ने संविधान, तिरंगा, शहीद, सीमा प्रहरी आदि पर काव्य पाठ किया। संस्थान के अध्यक्ष अनिल लढ़ा ने कार्यक्रम की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश में चल रहे हैं अमृत महोत्सव के आयोजन की श्रंखला के तहत यह कार्यक्रम अपने आप मे अनूठा है । संस्थान की समन्वयक व महासचिव रेनू शब्दमुखर ने संपर्क के आयोजनों की जानकारी देते हुए आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा की जानकारी दी । संचालन नेहा पारीक ने करते हुए गणतंत्र दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए रचनाकारों का परिचय करवाया।

## गहलोत,पायलट और धीरज यूपी में कांग्रेस के स्टार प्रचारक

**यूपी चुनावों में राजस्थान के तीन कांग्रेस नेताओं को बनाया स्टार प्रचारक, विधानसभा चुनावों में करेंगे प्रचार**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कांग्रेस ने यूपी चुनाव के लिए 30 नेताओं को स्टार प्रचारक बनाया है,जिनमें राजस्थान से 3 नेताओं को शामिल किया गया है। सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और यूपी कांग्रेस के सह प्रभारी सचिव धीरज गुर्जर कांग्रेस ने यूपी चुनाव में स्टार प्रचारक बनाया है। तीनों नेता विधानसभा चुनाव में प्रचार करेंगें। सचिन पायलट पिछले सप्ताह ही चुनाव प्रचार के लिए यूपी गए थे। धीरज गुर्जर यूपी कांग्रेस के सहप्रभारी होने के कारण पहले से ही प्रियंका गांधी के साथ चुनाव मैनेजमेंट में लगे हैं। सीएम अशोक गहलोत के भी आगे आने वाले दिनों में चुनाव प्रचार के कार्यक्रम तय हो सकते हैं। फिलहाल यूपी सहित सभी राज्यों में विधानसभा चुनावों में रैली, सभाओं से चुनाव प्रचार पर रोक है, केवल वर्चुअल मीडियम से चुनाव प्रचार कर सकते हैं। गहलोत और पायलट आने वाले दिनों में वर्चुअल सभाएं कर सकते हैं। सचिन पायलट यूपी चुनावों को लेकर पिछले कई दिनों से बीजेपी को निशाने पर ले रहे हैं। पायलट ने कहा कि बीजेपी से नेताओं का पलायन हो रहा है। बीजेपी ने चुनावों में किए वादे पूरे नहीं किए। बीजेपी ने जिस तरह किसानों के साथ अन्याय किया और उनका अपमान किया, वे किस मुंह से उनका समर्थन मांगेंगे। यूपी चुनाव के नतीजे चौंकाने वाले होंगे। कांग्रेस ने हर बड़े मुद्दे पर संघर्श किया जबकि? यूपी के बाकी विपक्षी दल गायब थे।

ANCHOR | स्कीम

# बंजर और अन-उपजाऊ जमीन पर सोलर प्लांट की स्कीम

### किसानों को बिना सिक्योरिटी बैंकों से 28 फरवरी तक मिलेगा लोन,14 मेगावाट प्लांट लगे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश सरकार ने किसानों के हित में बड़ा फैसला करते हुए कुसुम-ए योजना का पीरियड 28 फरवरी तक बढ़ा दिया है। बिजली विभाग के मंत्री भंवर सिंह भाटी ने बताया कि अब कुसुम-ए योजना में पहले से रजिस्टर्ड सोलर प्लांट लगाने वाले किसान 28 फरवरी तक एनर्जी डवलपमेंट कॉर्पोरेशन से से पॉवर परचेज एग्रीमेंट कर सकेंगे। प्रोजेक्ट सिक्योरिटी अमाउंट भी 28 फरवरी तक जमा कराया जा सकेगा। मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा प्रदेश सरकार बंजर और अन उपजाऊ जमीन पर कुसुम योजना में सोलर प्लांट लगाने की स्कीम के इम्पीलमेंटेशन को लेकर काफी गम्भीर है।



कुसुम-ए योजना में राजस्थान अव्वल प्रदेश है। स्कीम के इम्प्लीमेंटेशन में तेजी लाने और अड़चनों को दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री गहलोत ने किसानों को इस योजना में आसानी से फायनेंस करवाने के लिए केन्द्र सरकार से भी आग्रह किया है। एसीएस एनर्जी डॉ सुबोध अग्रवाल ने पिछले दिनों सीधे बैंकों से बातचीत कर बिना कोलेटरल सिक्योरिटी के लोन देने पर सहमति जता दी है।

#### एसबीआई और कैनरा बैंक ने दी लोन पर सहमति

बिजली विभाग के एसीएस डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बतया है कि कुसुम ए योजना के इम्प्लीमेंटेशन के लिए प्रदेश में राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम नोडल एजेंसी है। स्कीम में अब तक 13 प्रोजेक्ट में 14 मेगावाट बिजली प्रोडक्शन कैपिसिटी के प्लांट लगाए जा चुके हैं। किसान, बैंकर्स और डिस्काम्स की मांग को देखते हुए स्कीम का टाइम पीरियड बढ़ाने के आदेश जारी किए गए हैं।

#### 25 साल तक डिस्कॉम्स करेंगी बिजली की खरीद

डॉ अग्रवाल ने कहा बिजली वितरण निगमों की ओर से बिजली बिल के 7 दिन में भुगतान, लेटर ऑफ क्रेडिट और एस्क्रो अकाउंट जैसे फैसलों से बैंकों और किसानों में विश्वास बढ़ा है।राजस्थान विद्युत वितरण निगमों के 33/11 केवी सबस्टेशन के 5 किलोमीटर दायरें में किसान और डवलपर्स बंजर और काम में नहीं आ रही जमीन पर आधा किलोवाट से लेकर 2 मेगावाट कैपिसिटी के सोलर एनर्जी प्लांट लगा सकते हैं। इन प्लांट्स से प्रोडक्शन होने वाली बिजली की खरीद 3 रुपए 14 पैसे की रेट पर 25 साल तक संबंधित डिस्काम्स करेंगी। जिसका एग्रीमेंट भी किया जाएगा। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि रिन्यूएबल अक्षय ऊर्जा निगम के पास 722 मेगावाट क्षमता स्थापना के 623 आवेदन मिल चुके हैं। केनरा बैंक और एसबीआई ने बिना कोलेटरल सिक्योरिटी के लोन देने पर सहमति जताई है।

# जागरूक खबरें

## कोटा विवि में सह आचार्य एवं सहायक आचार्य के 36 नवीन पद मंजूर

**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोटा विश्वविद्यालय, कोटा में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए सह आचार्य एवं सहायक आचार्य के 36 नवीन पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। प्रस्ताव अनुसार वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, जैव प्रौद्योगिकी, सूक्ष्म जीव विज्ञान, विधि, ड्रॉइंग एवं पेंटिंग, शारीरिक शिक्षा, गणित एवं वन्य जीव विभाग के लिए सह आचार्य के एक-एक तथा सहायक आचार्य के तीन-तीन पद सृजित किए जाने हैं। इन पदों के सृजन से विश्वविद्यालय में स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों का सुचारू संचालन संभव हो सकेगा।

## नवनियुक्त थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह ने पदभार किया ग्रहण, नागरिकों की ली बैठक




**भीनमाल @ जागरूक जनता।** भीनमाल पुलिस थाने के नवनियुक्त थाना अधिकारी लक्ष्मण सिंह ने आज पदभार ग्रहण किया उन्होंने पदभार ग्रहण कर थाना क्षेत्र के अपराधिक गतिविधियों व भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होंने शहर के गणमान्य नागरिकों की बैठक ली गई और उन्होंने शहर की अपराधिक गतिविधियों की रोकथाम को लेकर पुलिस व्यवस्था के बारे में जानकारी व सुझाव लिए गए। बैठक के दौरान शहर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों व गणमान्य नागरिकों की ओर से नवनियुक्त थानाधिकारी लक्ष्मण सिंह का साफा माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, शेखर व्यास रेडिमेंट व्यापार संघ अध्यक्ष श्रवण सिंह राव, नरेश सुखाड़िया, पारसमोदी, भरत सिंह भोजाणी, जोरावर सिंह, राव, मूल सिंह चंपावत, पारसमल घाची, सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## भाजपा में बदलाव की बयार, सशक्त मंडल अभियान में बदले 66 मंडल अध्यक्ष

**जयपुर @ जागरूक जनता।** भाजपा ने 2023 के विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारी तेज कर दी है। इसके तहत पूरे प्रदेशभर में सशक्त मंडल अभियान के जरिए चार महीने में निष्क्रिय पदाधिकारियों को बाहर का रास्ता दिखाने का काम किया जा रहा है। पिछले चार महीने में प्रदेशभर में 66 मंडल अध्यक्षों को बदला जा चुका है। पार्टी सूत्रों की मानें तो बदलाव उन मंडलों में किया गया है जहो विस्तारक, संगठन प्रभारी और संबंधित जिला अध्यक्ष ने निष्क्रियता को लेकर रिपोर्ट दी थी। कुछ जगहों पर मंडल अध्यक्षों की मौत भी हो गई थी। पार्टी चाहती है कि इस साल के मध्य तक संगठन की शेष नियुक्तियों के साथ निष्क्रिय पदाधिकारियों को बाहर कर दिया जाए ताकि चुनाव की तैयारियों को लेकर पूरा समय मिल सके। इसी वजह से प्रभारी विस्तारक व जिलाध्यक्षों की रिपोर्ट के आधार पर पार्टी मंडल अध्यक्षों को बदल रही है।

**51 मंडल भी बढ़ाए:** सशक्त मंडल अभियान के जरिए भाजपा बूथ स्तर तक अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। इस वजह से मंडलों की संख्या को भी बढ़ाया गया है। यह संख्या परिसीमन के जरिए नहीं बल्कि कामकाज की सक्रियता के आधार पर बढ़ाए गए हैं। राजस्थान भाजपा में पूर्व में 1067 मंडल हुआ करते थे, लेकिन हाल ही में संगठन संरचना में बदलाव करते हुए उन मंडलों को विभक्त कर नए मंडल बनाए गए हैं। भाजपा में अब 1118 मंडल काम कर रहे हैं।

**जारी रहेगी बदलाव की बयार :** भाजपा के सशक्त मंडल अभियान के दौरान भले ही मंडल में सक्रियता को आधार मानकर बदलाव किया जा रहा है। मंडल के बाद जिला और मोर्चों में भी सक्रियता को आधार मानते हुए बदलाव किए जाएंगे। यह काम अप्रेल बाद शुरू होने की आसार हैं।

## नेताजी सुभाषचन्द्र बोस के जीवन से प्रेरणा ले युवा वर्ग - मा.रामनिवास



**भिवानी @ जागरूक जनता।** गांव चांदवास मे चौ.धूपसिंह स्पोर्ट्स अकेडमी मे नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125वीं जंयती मनाई गई। नेताजी को याद कर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर मा. रामनिवास ने उपस्थित छात्रों को सम्बोन्धित करते हुए कहा कि हमे नेताजी सुभाषचंद्र बोस के पदचिन्हों पर चलना चाहिए। मा.रामनिवास ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस साहसी ,स्वाभिमानी और निडर थे। शिक्षा के क्षेत्र मे भी उन्होंने आईसीएस परीक्षा को उतीर्ण किया। नेताजी मे देशभक्ति कुटकुट कर भरी हुई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज का गठन किया तथा देश के युवाओ को देशभक्ति से ओतप्रोत किया। तुम मुझे खून दो, मैं तूम्हे आजादी दूंगा के नारे से देश मे जोश भरा। मा.रामनिवास ने छात्रों से कहा कि जीवन मे सत्य व सदमार्ग पर चले। अच्छी शिक्षा ग्रहण करे तथा अपने गांव ,क्षेत्र,देश का नाम रोशन करे। नशे की लत से बचे। इस अवसर पर सुधिर चांदवास,कुलदीप शास्त्री चांदवास, रविंद्र कोच, औमबीर कोच, प्रदीप कोच,रविंद्र जाखड़, सुरेंद्र सौनी,डॉं भुपेन्द्र शर्मा इत्यादि मौजूद थे।

## पीड़ित व्यक्तियों की सेवा करना ही हमारा धर्म-सरोज



**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** कोरोना योद्धा दिल्ली सरकार में नर्सिंग अधिकारी कुमारी सरोज गढ़वाल सीकर निवासी निरंतर नर सेवा नारायण सेवा का भाव रखकर जनसेवा कर रही है। सरोज ने गणतंत्र दिवस के उलपक्ष में अपने विचार साझा करते हुए कहा कि न तो मुझे राज्य की कामना है, न स्वर्ग की और न मोक्ष की । मै तो केवल दुखो से पीड़ित प्राणियो के संताप के नाश की कामना करती हूँ ।

*न त्वहं कामये राज्यं न स्वर्गं नापुनर्भवम् ।*
*कामये दुःखतप्तानां प्राणीनामार्तिनाशनम् ।।*

इसके अलावा उनका कहना है कि पीड़ित व्यक्तियों की सेवा करना ही हमारा धर्म है। यही सेवा का मार्ग है।

## दो अधिकारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राजस्थान के दो पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक व 16 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान करने की घोषणा की गयी है। डीजीपी एम एल लाठर ने इन सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पदको के लिए बधाई दी हैं। राष्ट्रपति पुलिस पदक के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी बांसवाड़ा माधो सिंह सोढा एवं हेड कांस्टेबल 25 डी कंपनी एमबीसी खेरवाड़ा भूरी लाल मीणा को चुना गया हैं। प्रदेश के 16 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पुलिस पदक के लिए चुना गया है। इनमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसीबी राजेंद्र सिंह नैन, पुलिस निरीक्षक कार्यालय अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस विजिलेंस अमीर हसन, पुलिस निरीक्षक पुलिस टेलीकम्युनिकेशन ओम प्रकाश वर्मा, पुलिस निरीक्षक सीएम सिक्योरिटी विनय कुमार व्यास, पुलिस निरीक्षक सीआईडी एसएसबी संत लाल मीणा, पुलिस उप निरीक्षक पुलिस टेलीकम्युनिकेशन टोंक हनुमान प्रसाद, पुलिस उप निरीक्षक पुलिस ट्रेनिंग स्कूल बीकानेर बलवीर सिंह, प्लाटून कमांडर चतुर्थ बटालियन आरएसी जयपुर दशरथ सिंह हैं। इन सभी को पुलिस पदक दिया गया हैं। इसी प्रकार सहायक उपनिरीक्षक एससीआरबी जयपुर गिरधारी लाल शर्मा, सहायक उप निरीक्षक डीएसबी ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर मुराद खान, सहायक उपनिरीक्षक एटीएस जोगिंदर कौर, हेड कांस्टेबल 130 प्रथम बटालियन आरएसी जोधपुर कंवरलाल बिश्नोई, हेड कांस्टेबल 71 पांचवी बटालियन आरएसी जयपुर मादाराम, हेड कांस्टेबल 148 चतुर्थ बटालियन आरएसी जयपुर गजबी लाल. हेड कांस्टेबल 458 यातायात शाखा आबूरोड सिरोही मुस्ताक कुरैशी एवं कॉन्स्टेबल 941 प्रथम बटालियन आरएसी जोधपुर शकरू खान को पुलिस पदक के लिये चयन किया गया है।

---

ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट

# भारत में कम नहीं भ्रष्टाचार, रैंकिंग में 85वें पायदान पर

### डेनमार्क में हालात सबसे बेहतर

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**लंदन।** भ्रष्टाचार पर नजर रखने वाली संस्था ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडेक्स (CPI 2021) ने 2021 के लिए अपनी रिपोर्ट जारी कर दी है। भारत इसमें पिछले साल की ही तरह 85वें नंबर पर है। हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान 16 नंबर नीचे पहुंचकर 140वें नंबर पर पहुंच गया है। यहां उसका साथ देने के लिए म्यांमार मौजूद है। यूरोपीय देशों में करप्शन और मानवाधिकारों के हालात बहुत बेहतर हैं। यही वजह है कि इस रेटिंग में इन्हीं देशों का दबदबा कायम है।

इस इंडेक्स में 0 से 100 अंकों के बीच रेटिंग दी जाती है। जिस देश के नंबर जितने ज्यादा होते हैं, वो सबसे कम करप्ट माना जाता है। जिन देशों के नंबर कम होते हैं, उनमें भ्रष्टाचार ज्यादा माना जाता है। मिसाल के तौर पर अगर किसी देश के नंबर 0 हैं तो वहां सबसे ज्यादा करप्शन माना जाएगा। दूसरी तरफ, अगर किसी देश के नंबर 100 हैं तो इसके मायने ये हुए कि वहां करप्शन बिल्कुल नहीं है।

### कोविड के बहाने आजादी को काबू में करने की कोशिश

CPI 2021 की रिपोर्ट के मुताबिक-दुनिया में करप्शन को कम करने के उपाय धीमे पड़ते नजर आ रहे हैं। मानवाधिकार और लोकतंत्र पर भी हमले हो रहे हैं। कुछ देश कोविड-19 का बहाना बनाकर बुनियादी तौर पर आजादी को काबू में लाने की कोशिश कर रहे हैं। 131 देशों ने 10 साल करप्शन पर काबू पाने की कोई खास कोशिश नहीं की। दो तिहाई देश ऐसे हैं जिनका स्कोर 50 से कम है और यहां ये बहुत बड़ा मुद्दा है।

### सुपरपॉवर अमेरिका कहां खड़ा है...

रुतबे और ताकत के बावजूद अमेरिका टॉप 5 देशों से बहुत दूर 27वें नंबर पर है और उसका स्कोर 67 रहा है। भारत पिछले साल यानी 2020 की रैंकिंग में भी 85वें नंबर पर था और अब भी वहीं खड़ा है। उसका स्कोर 40 है। हमारी ही पायदान पर मालदीव भी है। हमारा एक और पड़ोसी बांग्लादेश 26 स्कोर के साथ 147वें स्थान पर है। श्रीलंका 37 पॉइंट्स यानी स्कोर के साथ 102वें पायदान पर है। 180 देशों की इस लिस्ट में अफगानिस्तान 174वें स्थान पर है। उसका स्कोर 16 है।

---

128 लोगों को मिलेंगे पद्म पुरस्कार

# बिपिन रावत, कल्याण सिंह समेत चार हस्तियों को पद्म विभूषण

### गुलाम नबी आजाद को पद्म भूषण सम्मान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। इस बार चार हस्तियों को पद्म विभूषण सम्मान दिया गया है। इनमें 3 लोग ऐसे हैं, जिन्हे मरणोपरांत यह सम्मान दिया जाएगा। पद्म विभूषण पाने वालों में CDS जनरल बिपिन रावत, भाजपा नेता कल्याण सिंह, गीता प्रेस गोरखपुर के अध्यक्ष रहे राधेश्याम खेमका (तीनों को मरणोपरांत) और शास्त्रीय गायिका प्रभा अत्रे का नाम शामिल है।

इसके साथ ही कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद, माइक्रोसॉफ्ट के CEO सत्या नडेला, गूगल की पैरेंटल कंपनी अल्फाबेट के CEO सुंदर पिचाई, पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता रहे बुद्धदेव भट्टाचार्य और देश को कोरोना की वैक्सीन देने वाले भारत बायोटेक के फाउंडर कृष्णा एल्ला-सुचित्रा एल्ला और सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII) के प्रमुख सायरस पुनावाला को पद्म भूषण से सम्मानित करने का ऐलान किया गया है।

इसके साथ ही ओलिंपियन नीरज चोपड़ा, गायक सोनू निगम, प्रमोद भगत और वंदना कटारिया को पद्म श्री से सम्मानित किया जाएगा। इस बार 17 लोगों को पद्म भूषण और 107 लोगों को पद्मश्री पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। इस तरह कुल 128 लोगों को पद्म सम्मान दिया जा रहा है।

#### 4 हस्तियों को मिला पद्म विभूषण

प्रभा अत्रेः आर्ट
राधेश्याम खेमकाः साहित्य और शिक्षा
जनरल बिपिन रावतः सिविल सर्विस
कल्याण सिंहः पब्लिक अफेयर्स

#### 17 हस्तियों को पद्म भूषण

गुलाम नबी आजादः पब्लिक अफेयर्स
विक्टर बनर्जी : आर्ट
गुरमीत बावा (मरणोपरांत): आर्ट
बुद्धदेव भट्टाचार्य : पब्लिक अफेयर्स
नटराजन चंद्रशेखरनः ट्रेड एंड इंडस्ट्री
कृष्णा एल्ला और सुचित्रा एल्लाः ट्रेड एंड इंडस्ट्री
मधुर जाफरीः पाक कला
देवेंद्र झाझरियाः खेल
राशिद खानः आर्ट
राजीव महर्षि : सिविल सर्विस
सत्या नडेलाः ट्रेड एंड इंडस्ट्री
सुंदर पिचाईः ट्रेड एंड इंडस्ट्री
साइरस पूनावालाः ट्रेड एंड इंडस्ट्री
संजय राजाराम (मरणोपरांत): साइंस एंड इंजीनियरिंग
प्रतिभा रेः लिटरेचर एंड एजुकेशन
स्वामी सचिदानंदः लिटरेचर एंड एजुकेशन
वशिष्ठ त्रिपाठीः लिटरेचर एंड एजुकेशन।

---

## पटरी से उतरे मालगाड़ी के डिब्बे, मचा हड़कम्प

### जेठा-चांधन रेल मार्ग पर हादसा, रेल यातायात बाधित

**लाठी (जैसलमेर) @ जागरूक जनता।** सरहदी जैसलमेर जिले के चांधन क्षेत्र में मंगलवार सुबह मालगाड़ी के डिब्बे एकाएक पटरी से उतर जाने से हड़कम्प मच गया। बताया जा रहा है कि जेठा-चांधन गांव के पास मंगलवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे मालगाड़ी के पटरी से एकाएक उतर जाने से दहशत मच गई। हादसे में 15 वैगन को नुकसान भी पहुंचा। एकाएक जब यह हादसा हुआ तो पटरी भी टूट गई और मालगाड़ी में भरा लाइम स्टोन इधर-उधर बिखर गया। ऐसे में समीप आवागमन भी बाधित हो गया। यह संयोग रहा कि हादसा निर्जन क्षेत्र में हुआ, जहां कोई व्यक्ति नहीं होने से संभावित हादसा टल गया। हादसे के दौरान तेज आवाज सुनन से ग्रामीण मौके पर पहुंचे। रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कोई जनहानि नहीं होने से राहत की सांस ली। जोधपुर से अधिकारी व कर्मचारी हादसे के स्थल पर पहुंचे और पटरी से उतरी मालगाड़ी को हटाने की कवायद की।

---



कृषि विपणन विभाग की समीक्षा बैठक

# किसानों को जागरूक कर मंडियों में ई-पेमेंट को बढ़ावा दें : मुख्यमंत्री

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कृषि उपज की कीमतों को ज्यादा प्रतियोगी बनाने के लिए मंडियों में ऑनलाइन व्यापार को बढ़ावा दें और ई-पेमेंट को प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि किसानों को ई-पेमेंट के फायदों की जानकारी होगी, तो वे स्वयं आगे बढ़कर इसे अपनाएंगे। उन्होंने इसके लिए किसानों को जागरूक करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

गहलोत मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कृषि विपणन विभाग की बजट घोषणाओं एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि उत्पादों का मूल्य संवर्धन करने एवं किसानों को उपज की उचित कीमत दिलाने के लिए आधारभूत संरचना का विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि इसके लिए काश्तकारों को ई-पेमेंट वाली सफलतम मंडियों की विजिट कराई जाए। साथ ही, कृषि विपणन विभाग पायलट प्रोजेक्ट के तहत मंडियों का चयन कर किसानों को जागरूक करे और मंडी विशेष को शत-प्रतिशत ई-पेमेंट आधारित बनाने के लिए अभियान चलाएं।

#### स्वतंत्र मंडियों के गठन की प्रक्रिया में तेजी लाएं

गहलोत ने कहा कि केन्द्र के कृषि कानूनों को वापस लेने के बाद अब नई स्वतंत्र मंडियों के गठन की प्रक्रिया को चरणबद्ध रूप से तेजी से आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि मंडी शुल्क एवं अन्य दरों में किसी प्रकार के संशोधन के सम्बन्ध में निर्णय लेने से पहले हितबद्ध समूहों से विस्तृत चर्चा की जाए।

#### प्रसंस्करण इकाई हेतु आसानी से मिले लोन

मुख्यमंत्री ने कहा कि कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति-2019 काश्तकारों के खेत में ही कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण कर मूल्य संवर्धन के माध्यम से उनकी आय बढ़ाने के लिए शुरू की गई थी। इस नीति के उद्देश्य को पूरा करने के लिए किसानों को प्रसंस्करण इकाइयां लगाने के लिए बैंकों से आसानी से लोन दिलवाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने हर जिले में एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने को कहा। यह नोडल अधिकारी किसानों को तकनीकी और वित्तीय सहायता दिलवाने में मदद करेंगे। कृषि मंत्री लालचन्द कटारिया ने कहा कि मंडियों में ऑनलाइन व्यापार एवं ई-पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए किसानों को कार्यशालाओं के माध्यम से एवं इस मॉडल की सफल मंडियों का भ्रमण कराकर जागरूक करना चाहिए। उन्होंने फल-सब्जी मंडियों में आने वाले काश्तकारों के लिए भोजन व्यवस्था की आवश्यकता जताई। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाकर उन्हें आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार नवाचार करने चाहिए। कृषि विपणन राज्य मंत्री मुरारीलाल मीणा ने कहा कि किसानों को उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए विभाग द्वारा ऑनलाइन व्यापार एवं कृषि प्रसंस्करण को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके लिए किसानों को जागरूक करना आवश्यक है।

#### विभागीय प्रगति का दिया प्रस्तुतिकरण

कृषि विपणन विभाग के प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने विभागीय प्रगति का प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि राज्य की 145 कृषि उपज मंडियों में से 144 को ई-नाम से जोड़ दिया गया है और हनुमानगढ़ मंडी की डीपीआर बनाकर प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भिजवा दिया गया है। ई-पेमेंट को प्रोत्साहित करने के लिए मंडियों में आईटी सिस्टम को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कृषि प्रसंस्करण, कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति-2019 के तहत कृषि प्रसंस्करण इकाइयों तथा आधारभूत संरचनाओं के 477 प्रकरणों में 165 करोड़ रूपए अनुदान स्वीकृत किया गया है, जिनमें से 127 इकाइयां किसानों ने स्थापित की हैं, जिन्हें 48 करोड़ रूपए का अनुदान दिया गया है। कृषि विपणन विभाग के आयुक्त सोहनलाल शर्मा ने बताया कि मंडियों में ई-पेमेंट का बढ़ावा देने के लिए किसान उपहार योजना शुरू की गई है। किसानों को पुरस्कार राशि देने के लिए लगभग 4 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

---

बदमाशों के लूट की वारदात को अंजाम देने का मामला

# झूठी सूचना ने सामोद पुलिस के हाथ-पांव फुला दिए



### SHOपूजा पूनिया और जाटावाली चौकी इंचार्ज दुलाराम की सूझबूझ से खुली वारदात

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चोमू।** सामोद थाना इलाके में बीती रात को जाटा वाली चौकी के पास नकाबपोश बदमाशों के लूट की वारदात अंजाम देने की सूचना ने पुलिस के हाथ-पांव फुला दिए। कंट्रोल रूम को ज्वेलर्स के साथ लूट होने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे तो वही पूरे जिले भर में नाकेबंदी करवा दी गई।

रात भर पुलिस इधर से उधर आरोपियों की तलाश करती रही. जब पुलिस ने पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बाइक पर सवार नकाबपोश बदमाशों ने उस पर चाकू से हमला किया है. हाथ पर चोट के निशान भी नजर आ रहे थे और खून भी बह रहा था. इससे पुलिस भी उलझन में पड़ गई. लेकिन जब सामोद थानाधिकारी पूजा पूनिया और जाटावाली चौकी प्रभारी दूल्हाराम पीड़ित शिम्भू प्रजापत को साथ लेकर मौका मुआयना करने पहुंचे तो पीड़ित बार बार बदल रहा था।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जिसके बाद पूरी वारदात महज झूठी कहानी निकली. फिलहाल पुलिस ने झूठी सूचना देने के आरोप में आरोपी शिम्भू प्रजापत को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी मानपुरा मचेरी का रहने वाला है. पूछताछ में आरोपी ने बताया की वो ज्वेलर्स का काम नहीं करना चाहता है. घरवाले जबरन उससे ये काम करवा रहे थे. इस लिए उसने ये झूठी कहानी रची।

## बड़ी चौपड़ पर होगा भाजपा जयपुर शहर का गणतंत्र दिवस समारोह

**जयपुर @ जागरूक जनता।** भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी शहर के बीचोबीच बड़ी चौपड़ पर मनाया जाएगा। शहर अध्यक्ष राघव शर्मा ने बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया और नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया रहेंगे। शहर मीडिया प्रभारी सुमित श्रीमाल ने बताया झंडारोहण कार्यक्रम प्रातः 8:00 बजे होगा।

---

डॉ गणेश अग्रवाल ने जेम्स गेस्ट्रो, लिवर & आई हॉस्पिटल

# लिवर की जठिल गांठ का सफल ऑपरेशन कर बचाई मरीज की जान

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चोमू।** दौलतशाह की दरगाह के पास भोमाका कॉम्प्लेक्स स्थित जैम्स गैस्ट्रो लिवर एंड आई हॉस्पिटल में लीवर की जठिल गांठ का सफल इलाज किया गया। कोटपूतली निवासी लक्ष्मी कवर उम्र 25, के लिवर के दाहिने हिस्से में जठिल गांठ थी जो कि पीठ वाले हिस्से की एक बड़ी खुन की नस इंफिरियर वेना कावा व राईट हपेटिक वेन के पास थी । मरीज का लीवर भी खराब था। बीमारी से मरीज बहुत ज्यादा परेशान था एवं जयपुर में बहुत जगह दिखाया लेकिन ऑपरेशन के दौरान खून बहने से जान जाने की संभावना थी जिससे ज्यादातर डॉक्टरस ने ऑपरेशन करने से मना कर दिया। जिसके बाद मरीज जैम्स हॉस्पिटल में पेट लिवर एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. गणेश अग्रवाल से मिला जिसके बाद उसे जैम्स हॉस्पिटल में भर्ती किया एवं सामान्य से बहुत जटिल ऑपरेशन राईट पोस्टीरियर सेक्शनेक्टोमी विथ सेगमेंट 8 लिवर रिसेक्शन करके मरीज का सफल इलाज किया। इस ऑपरेशन में 3 घंटे लगे व मरीज 4 दिन से डिस्चार्ज हो गया।



3 महीने बाद भी मरीज बिल्कुल स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं। डॉ. गणेश अग्रवाल का कहना है, कि लिवर की गांठ खून की बड़ी नसों को जकड़ी हुई थी,इस दौरान ऑपरेशन में खून के बहाव से मरीज की जान भी जा सकती थी,ऑपरेशन के बाद मरीज लीवर फेलियर में भी जा सकता था। इसलिए मरीज के लिवर को बचाने की कोशिश करके गांठ को पूरा निकाल के सफल ऑपरेशन किया।

---

ई-वाहनों को बढ़ावा देने की कवायद

# इलेक्ट्रिक वाहन रिचार्ज स्टेशन के लिए सेस में छूट की तैयारी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए रिचार्ज विद्युत दर तय करने के बाद अब सेस में छूट देने की भी कवायद की जा रही है। इनमें इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी, जल संरक्षण उपकर व अरबन सेस शामिल है। इन वाहनों के लिए रिचार्ज स्टेशन लगाने वालों को राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम यह छूट मिल सकती है। हालांकि, यह निर्भर करेगा कि ऐसे उपभोक्ता रिचार्ज स्टेशन में कितना निवेश करेगा। परिवहन विभाग की ओर से तैयार की जा रही ई-वाहन पॉलिसी में इसे शामिल करने पर मंथन किया जा रहा है। अभी तक रिचार्ज करने (निर्धारित रिचार्ज स्टेशन) के लिए 6 रुपए प्रति यूनिट बिजली दर तय है। स्थाई शुल्क 135 रुपए से घटाकर 40 रुपए प्रति माह किया गया है।

#### अभी बिजली के बिल में ये लिए जा रहे रहे सरचार्ज

**1. अरबन सेस :** शहरी उपभोक्ता से 15 पैसे प्रति यूनिट।
**2. इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटीः** सभी उपभोक्ताओं से 40 पैसे प्रति यूनिट।
**3. जल संरक्षण उपकर :** 10 पैसे प्रति यूनिट वसूल रहे। ग्रामीण उपभोक्ता इसमें शामिल नहीं।
*(इनमें छूट चाह रहे। सरकार पर निर्भर करेगा कि वह पूर्ण छूट या कम)*

#### यह सहुलियत दी गई

पहली बार टाइम ऑफ डे (टीओडी) व्यवस्था लागू की गई है, यानि चार्जिंग स्टेशन पर रात में वाहन चार्ज करते हैं तो बिजली उपभोग दर में 15 प्रतिशत छूट मिलेगी। यह समय रात 11 से सुबह छह बजे तक है। रात में अतिरिक्त बिजली होने के कारण टीओडी व्यवस्था लागू की गई है।

#### 6.21 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान में

**सरकार** की वर्ष 2030 तक सड़कों पर 100 फीसदी ई-वाहन होने का लक्ष्य निर्धारित किया। नीति आयोग की रिपोर्ट में भी इसका जिक्र है। देश में बिकने वाली ई-वाहन में से 6.21 प्रतिशत राजस्थान का हिस्सा है।

#### इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन भी होंगे स्मार्ट मीटर लैस

राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग चार्जिंग स्टेशन के लिए तीन व्यावसायिक मॉडल को अनुमति दे चुका है। इसमें स्वामित्व वाले चार्जिंग स्टेशन के अलावा डिस्कॉम भी चार्जिंग स्टेशन लगा सकेंगे। वहीं, पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप के तहत भी चार्जिंग स्टेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। खास यह है कि इलेक्ट्रिक वाहनों से ग्रिड को बिजली सप्लाई की संभावना भी तलाशी जाएगी। इसके लिए विस्तृत अध्ययन होगा।

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.com
विश्वसनीय समाचार पत्र

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ

जी हाँ,यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।

# जो दिखेगा वही बिकेगा

## आज ही बुक करें विज्ञापन





## आपके व्यापार की तरक्की जागरूक जनता के साथ

विज्ञापन | क्लासीफाइड | डिस्प्ले | प्रॉपर्टी | वैवाहिक

विज्ञापन बुक करें : 9928022718 9829329070